▪ माघ कृष्णा - 6 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 186 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » बुधवार » 31-01-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 सहयोगी दलों के साथ टकराव के चलते गुस्से में बयान दे रहे हैं खरगे : ठाकुर

6 देश का सियासी नशा बदलेगा नीतीश का फैसला

7 जब मैंने इंडस्ट्री में एंट्री की, तो रेड कार्पेट लुक इतना खास नहीं था : सोनम कपूर






## फर्स्ट टेक

### बजट सत्र आज से

**नई दिल्ली/भाषा।** संसद का बजट सत्र मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के साथ शुरू होगा। वर्तमान लोकसभा का यह आखिरी सत्र है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। नई सरकार कार्यभार संभालने के बाद पूर्ण बजट पेश करेगी। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को हुई सर्वदलीय बैठक में कहा कि सीतारमण जम्मू-कश्मीर के लिए भी बजट पेश करेंगी, जहां राष्ट्रपति शासन है।

### मीशो ने गुणवत्ता जांच के बाद दो लाख उत्पादों को मंच से हटाया

**नई दिल्ली/भाषा।** सॉफ्टबैंक समर्थित मीशो ने गुणवत्ता जांच के बाद पिछली तिमाही में अपने ई-कॉमर्स मंच से करीब दो लाख उत्पादों को हटा दिया है। कंपनी की योजना छह महीने में मंच से कम रेटिंग वाली वस्तुओं को 20 प्रतिशत तक हटाने की है। मीशो के अनुसार, मूल्यांकन के बाद मंच से पिछली तिमाही में करीब दो लाख उत्पादों को हटा दिया...।'' कंपनी के अनुसार गुणवत्ता जांच को मजबूत करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) में निवेश किया गया है।

### सभापति ने राज्यसभा के 11 सदस्यों का निलंबन रद्द किया

**नई दिल्ली/वार्ता।** संसद का बजट सत्र शुरू होने से एक दिन पहले राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए उच्च सदन के 11 सदस्यों का निलंबन मंगलवार को रद्द कर दिया। राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति ने इन सदस्यों को विशेषाधिकार के हनन और सदन की अवमानना का दोषी करार दिया था। सभापति ने समिति की सिफारिश के बाद नियम 202 और 266 के तहत अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए सभी 11 सदस्यों का निलंबन रद्द कर दिया और उन्हें सदन की कार्यवाही में शामिल होने की अनुमति दे दी। सभापति के कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि यह निर्णय इस बात को ध्यान में रखकर लिया गया है कि ये सदस्य अब राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान उपस्थित रह सकेंगे।

| 31-01-2024 सूर्यास्त | 01-02-2024 सूर्योदय |
| --- | --- |
| 6:20 बजे | 6:46 बजे |

| BSE | NSE |
| --- | --- |
| 71,139.90 | 21,522.10 |
| (-801.67) | (-215.50) |

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 6,481 रु. | 72,830 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

## श्रद्धांजलि



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, मैं पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं उन सभी को भी श्रद्धांजलि देता हूं जो हमारे देश के लिए शहीद हुए हैं। उनका बलिदान हमें लोगों की सेवा करने और हमारे राष्ट्र के लिए उनके सपने को पूरा करने की प्रेरणा देता है। 'एक्स' पर प्रधानमंत्री के जीवन से जुड़ी बातों को अक्सर साझा करने वाले 'मोदीआर्काइव' नामक खाते पर मोदी की निजी डायरी के कुछ पन्ने गांधी के उद्धरणों के साथ साझा किए गए।

## गांव, गरीब, किसानों के विकास के बिना देश प्रगति नहीं कर सकता : गडकरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जबलपुर (मप्र)/भाषा।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के जबलपुर क्षेत्र में 2,367 करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

गडकरी ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा जबतक देश के गांवों, गरीबों, मजदूरों और किसानों का विकास नहीं होगा तब तक देश प्रगति नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय ने न केवल सड़कें बनाई हैं, बल्कि पानी को इकट्ठा करने के लिए तालाब भी बनाए हैं जिससे जल संरक्षण भी होगा।



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा, जबतक गांव, गरीब, मजदूर तथा किसान का विकास नहीं होगा तब तक देश प्रगति नहीं करेगा। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'स्मार्ट' शहर के साथ 'स्मार्ट' गांव विकसित करने की जरूरत है और इसमें सड़कों की अहम भूमिका है।

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वी. डी. शर्मा, केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार, फग्गन सिंह कुलस्ते और राज्य के मंत्री राकेश सिंह तथा प्रहलाद सिंह पटेल भी उपस्थित रहे।

गडकरी ने टीकमगढ़-झांसी मार्ग पर जामनी नदी पर 43 करोड़ रुपए की लागत वाले पुल, 148 करोड़ रुपए के दो लेन के चंदिया घर से कटनी बाईपास और बमीठा से खजुराहो तक 73 करोड़ रुपए की लागत से चार लेन की सड़क को चौड़ा करने की परियोजना का उद्घाटन तथा शिलान्यास किया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से कृषि, पर्यटन, उद्योग और कोयला क्षेत्रों को लाभ होगा।

## भारत प्रतिष्ठा के लिए जरूरी है कि वह मुश्किल परिस्थितियों में मदद करें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 'मर्चेंट नेवी' के पोतों पर हमलों से निपटने के लिए लाल सागर क्षेत्र में भारतीय नौसेना द्वारा युद्धपोतों की तैनाती के संदर्भ में मंगलवार को कहा कि भारत की क्षमता, उसके अपने हित और प्रतिष्ठा के लिए आज जरूरी है कि वह कठिन परिस्थितियों में वास्तव में मदद करें।

जयशंकर ने भारतीय प्रबंधन संस्थान, मुंबई में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भारतीय नौसेना ने इस क्षेत्र में अपने 10 पोत तैनात किए हैं। उन्होंने कहा, भारत की क्षमता, हमारे अपने हित और हमारी प्रतिष्ठा के लिए आज यह जरूरी है कि हम वास्तव में मुश्किल घड़ी में मदद करें। जयशंकर ने कहा कि लाल सागर क्षेत्र में समुद्री डकैती के साथ-साथ मर्चेंट नेवी के पोतों पर ड्रोन हमलों की भी समस्या है।




### भारत ने इजराइल-फलस्तीन संघर्ष के लिए द्विराष्ट्र समाधान का समर्थन किया

**मुंबई/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत दशकों पुराने इजराइल-फलस्तीन संघर्ष को समाप्त करने के लिए द्विराष्ट्र समाधान का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर की शुरुआत में यहूदी देश के अंदर हमास के हमलों के बाद गाजा पट्टी में युद्ध भड़क उठा है जिसकी समाप्ति का कोई संकेत नहीं दिखता। जयशंकर ने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष को समग्र तरीके से देखा जाना चाहिए। उन्होंने करीब चार महीने महीने इजराइल में हमास के घातक हमलों को आतंकवादी हमला करार दिया।

जयशंकर ने कहा, हमें जिम्मेदार देश नहीं माना जाएगा, यदि हमारे पड़ोस में कुछ ठीक नहीं हो रहा हो और हम कहें कि हमारा इनसे कोई लेना-देना नहीं। जब आप मुसीबत में होंगे तो पड़ोसी देश भी ऐसे ही कहेंगे। जयशंकर ने कहा कि पिछले 10 साल में भारत ने एक बहुत मजबूत विमर्श विकसित किया है और उन्होंने लाल सागर क्षेत्र में नौसेन्य तैनाती की ओर इशारा किया।

### केरल में भाजपा नेता की हत्या के मामले में पीएफआई से संबद्ध 15 लोगों को मौत की सजा

**अलप्पुझा (केरल)/भाषा।** केरल की एक अदालत ने दिसंबर 2021 में अलप्पुझा जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) शाखा के नेता रंजीत श्रीनिवासन की हत्या के मामले में प्रतिबंधित इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े 15 लोगों को मंगलवार को मौत की सजा सुनाई। मामले में विशेष अभियोजक ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, मावेलिक्कारा वी. जी. श्रीदेवी ने दोषियों को सजा सुनाई। मारे गए नेता के परिवार और भाजपा ने फैसले का स्वागत किया। पार्टी ने श्रीनिवासन को ''महान शहीद'' बताते हुए कहा कि उन्हें आज न्याय मिल गया। विशेष अभियोजक प्रताप जी. पडिक्कल के अनुसार, मामले में दोषी ठहराए गए कुल 15 व्यक्तियों में से 14 को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया था।

## सरकार संसद में सभी मुद्दों पर चर्चा कराने के लिए तैयार : जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज कहा कि सरकार दोनों सदनों की नियमावली और आसन के निर्देशानुसार संसद में सभी मुद्दों पर चर्चा कराने के लिए तैयार है।

सरकार ने अंतरिम बजट सत्र से पहले मंगलवार को यहां सर्वदलीय बैठक में संसद की कार्यवाही सुचारू ढंग से चलाने के बारे में विस्तार से विचार विमर्श किया। बजट सत्र बुधवार से शुरू होगा और 9 फरवरी तक चलेगा।



बैठक में जोशी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और वी मुरलीधरन ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए जोशी ने कहा कि सरकार अध्यक्ष के निर्देशानुसार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने विपक्षी दलों से दोनों सदनों में कामकाज के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सरकार के साथ सहयोग करने और तख्तियां लहराने से बचने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा सहित 30 दलों के 45 नेताओं ने बैठक में भाग लिया और यह सौहाद्रपूर्ण माहौल में हुई।

## ईडी ने सोरेन के दिल्ली स्थित आवास से 36 लाख रुपए नकद, बीएमडब्ल्यू जब्त की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/रांची/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले की जांच में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को रांची में पूछताछ करेगा। ईडी ने सोरेन के दिल्ली स्थित आवास की तलाशी के बाद 36 लाख रुपए, एक बीएमडब्ल्यू एसयूवी और कुछ ''आपत्तिजनक'' दस्तावेज जब्त किए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

**धनशोधन मामला**



ईडी के एक दल द्वारा झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष के दिल्ली स्थित घर का दौरा करने और एजेंसी के अधिकारियों के यह कहने के एक दिन बाद कि उनका पता नहीं चल रहा है, सोरेन मंगलवार को झारखंड की राजधानी में अपने आधिकारिक आवास पर पहुंचे और अपने गठबंधन के विधायकों की बैठक की अध्यक्षता की। इसके बाद 24 घंटे से अधिक समय से जारी भ्रम की स्थिति पर विराम लग गया। राज्य में विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दावा किया था कि मुख्यमंत्री ईडी की कार्रवाई के डर से फरार हैं।

## भारतीय नौसेना ने दस्यु रोधी अभियान के तहत 19 पाकिस्तानियों को बचाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय युद्धपोत 'आईएनएस सुमित्रा' ने सोमालिया के पूर्वी तट पर ईरानी झंडा लगे मछली पकड़ने के जहाज पर समुद्री दस्युओं के हमले के बाद उस पर सवार चालक दल के 19 पाकिस्तानी सदस्यों को बचाया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

'आईएनएस सुमित्रा' को अदन की खाड़ी और सोमालिया के पूर्व में समुद्री दस्यु रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात किया गया है।

जहाज ने मछली पकड़ने वाले ईरानी जहाज 'इमान' पर सोमवार को समुद्री डकैती का प्रयास विफल कर दिया था।

भारतीय नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा



कि सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री दस्यु रोधी एक और सफल अभियान में 'आईएनएस सुमित्रा' ने मछली पकड़ने वाली नौका अल नईमी और उसके चालक दल के 19 सदस्यों को 11 सोमाली समुद्री दस्युओं से बचाया। मधवाल ने कहा, आईएनएस सुमित्रा ने कोच्चि से लगभग 850 समुद्री मील पश्चिम में दक्षिणी अरब सागर में 36 चालक दल (17 ईरानी और 19 पाकिस्तानी) के साथ अपहृत मछली पकड़ने वाले दो जहाजों को 36 घंटे से भी कम समय में त्वरित, निरंतर और अथक प्रयासों से बचाया है। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना ने समुद्र में सभी नाविकों और जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने वास्ते सभी समुद्री खतरों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए क्षेत्र में एक बार फिर अपनी प्रतिबद्धता साबित की है।

## काबुल में तालिबान की ओर आयोजित सम्मेलन में भारत, अन्य देश हुए शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत समेत लगभग 10 देशों ने क्षेत्रीय सहयोग के व्यापक उद्देश्य के साथ सोमवार को काबुल में तालिबान द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में भाग लिया। यह जानकारी अफगान मीडिया से मिली। क्षेत्रीय सहयोग पहल बैठक को तालिबान शासन के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने संबोधित किया।

भारत ने अभी तक तालिबान के शासन को मान्यता नहीं दी है और वह



काबुल में वास्तव में समावेशी सरकार के गठन की वकालत करता रहा है।

अफगानिस्तान की खामा प्रेस समाचार एजेंसी ने बताया कि इसमें भाग लेने वाले देशों में भारत, कजाखस्तान, तुर्की, रूस, चीन, ईरान, पाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, इंडोनेशिया और किर्गिस्तान शामिल थे। तालिबान के विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि मुत्ताकी ने इस बात पर जोर दिया कि इन देशों को अफगानिस्तान के साथ सकारात्मक बातचीत बढ़ाने और जारी रखने के लिए क्षेत्रीय बातचीत करनी चाहिए।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### सियासी रिश्ते

सियासत में बने संबंध,
सब छत्तीस हो जाते।
कभी दुश्मन के चरणों में,
नमन नत शीश हो जाते।
समय के गणित को समझे,
वो सत्ताधीश हो जाते।
बदलते नीति जो अपनी,
वही नीतीश हो जाते।।

# संसद के बजट सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक संपन्न, सत्तापक्ष और विपक्ष के कई नेता शामिल हुए



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

संसद के बजट सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक संपन्न, सत्तापक्ष और विपक्ष के कई नेता शामिल हुए

नई दिल्ली/भाषा। लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले, 31 जनवरी से आरंभ हो रहे संसद के बजट सत्र के मद्देनजर सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में मंगलवार को विभिन्न दलों के नेता शामिल हुए।

रक्षा मंत्री और लोकसभा में सदन के उपनेता राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बैठक में सरकार का प्रतिनिधित्व किया।

संसद भवन परिसर में हुई इस बैठक में उपस्थित नेताओं में कांग्रेस के नेता कोडिकुनिल सुरेश, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता टी आर बालू, शिवसेना के राहुल शेवाले, समाजवादी पार्टी के नेता एस टी हसन, जनता दल (यूनाइटेड) के नेता राम नाथ ठाकुर और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के जयदेव गल्ला शामिल थे।

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का बैठक में प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि उन्होंने असम में राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर ''हिंसक हमले'' और उस पर राज्य सरकार द्वारा लगाई गई पाबंदियों का मुद्दा उठाया।

उच्च सदन में कांग्रेस के उप नेता तिवारी ने संवाददाताओं से कहा कि देश में ''अघोषित तानाशाही'' कायम है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद जैसे विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग कर रही है।

तिवारी ने कहा कि उन्होंने विपक्षी दलों से सलाह के बाद ये मुद्दे उठाए हैं।

प्रत्येक सत्र से पहले एक बैठक बुलाने की प्रथा है। बैठक में विभिन्न दलों के नेता उन मुद्दों को उजागर करते हैं जिन्हें वे संसद में उठाना चाहते हैं, और सरकार उन्हें अपने एजेंडे की एक झलक बताती है और उनका सहयोग मांगती है।

संसद के प्रत्येक सत्र से पहले बैठक बुलाने की एक परंपरा है जिसमें विभिन्न दलों के नेता उन मुद्दों को सामने रखते हैं जिन्हें वे संसद में उठाना चाहते हैं और सरकार उन्हें अपने एजेंडे के बारे में जानकारी प्रदान करती है और सदन चलाने में उनका सहयोग मांगती है।



# उत्तरकाशी जिले की सिलक्यारा सुरंग में काम फिर शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उत्तरकाशी (उत्तराखंड)/भाषा। दो माह से अधिक समय तक बंद रहने के बाद उत्तरकाशी जिले में 'आल वेदर' सड़क मार्ग पर निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग का काम फिर शुरू हो गया है।

अधिकारियों ने यहां बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देश पर बड़कोट की ओर से सिलक्यारा सुरंग निर्माण के कुछ कार्य शुरू कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सुरंग की 'सेंटर वाल' के निर्माण के लिए 'शटरिंग' प्रारंभ कर दी गई है जबकि सिलक्यारा की ओर से सुरंग के मुहाने पर निर्माणाधीन पुल का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

पिछले साल 12 नवंबर की सुबह 4.5 किलोमीटर लंबी निर्माणाधीन सुरंग में मलबा गिरने से उसमें 41 मजदूर फंस गए थे जिन्हें 17 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका था। हादसे के बाद से सुरंग का काम बंद पड़ा था। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लि. के परियोजना प्रबंधक कर्नल दीपक पाटिल ने बताया कि अनुमति मिलने के बाद धीरे-धीरे काम शुरू किया गया है और आने वाले 15 दिन में काम अपनी गति पकड़ेगा। कर्नल पाटिल ने शनिवार को कार्य का निरीक्षण किया था। उन्होंने बताया कि सिलक्यारा की ओर से पहले भूस्खलन वाले हिस्से और मुहाने के बीच करीब 100 मीटर के संवेदनशील हिस्से में सुरक्षात्मक कार्य होंगे। उन्होंने बताया कि मलबे में मजदूरों को निकालने के लिए बनायी गई निकास सुरंग से श्रमिकों को अंदर भेजा जाएगा ताकि वहां 'डिवाटरिंग' यानि पानी को निकाला जा सके। सिलक्यारा सुरंग हादसे के बाद से सुरंग के बाहर होटल-ढाबे और परचून की दुकान चलाने वाले भी खाली बैठे थे।

# शाह ने सहकारी क्षेत्र में एआरडीबी, आरसीएस के कंप्यूटरीकरण की परियोजनाएं शुरू कीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को 225 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों और सहकारी समितियों के पंजीयक के लिए कंप्यूटरीकरण कार्यक्रम शुरू किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण के प्रयासों से उनके कामकाज में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार लाने में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) के सहयोग से सहकारिता मंत्रालय द्वारा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) और सहकारी समितियों के पंजीयक (आरसीएस) के लिए कंप्यूटरीकरण परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया है। शाह ने कहा कि परियोजनाएं संपूर्ण सहकारी तंत्र को एक डिजिटल मंच पर लाकर इसका आधुनिकीकरण करेंगी और इसकी दक्षता बढ़ाएंगी। उन्होंने कहा, इससे सहकारी क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार करने में मदद मिलेगी। शाह ने कहा कि कंप्यूटरीकरण की कुल लागत 225 करोड़ रुपए होगी, जिसमें से 95 करोड़ रुपए आरसीएस के कंप्यूटरीकरण पर खर्च किए जाएंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एआरडीबी के कंप्यूटरीकरण से किसानों को मध्यम और दीर्घकालिक ऋण प्राप्त करने में मदद मिलेगी, कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण जरूरी था। शाह ने कहा कि किसानों को दीर्घावधि ऋण सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए इन एआरडीबी को पैक्स से जोड़ने की योजना है।

पहली पहल के तहत, 13 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में एआरडीबी की 1,851 इकाइयों को कम्प्यूटरीकृत किया जाएगा और एक सामान्य राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर के माध्यम से राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) से जोड़ा जाएगा। शाह ने बताया कि एआरडीबी केवल 13 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में मौजूद हैं और इसे अन्य राज्यों में भी विस्तारित करने की जरूरत है।

## केजरीवाल ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव पर कहा

# लोकतंत्र के लिए काला दिन, भाजपा किसी भी हद तक जा सकती है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली/भाषा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को आरोप लगाया कि चंडीगढ़ महापौर चुनाव में भाजपा 'गुंडागर्दी' में संलिप्त रही और आज का दिन 'लोकतंत्र के लिए काला दिन' है। चंडीगढ़ महापौर चुनाव में मेयर समेत सभी तीन पदों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार की जीत और कांग्रेस-आप गठबंधन के उम्मीदवार की हार के बाद केजरीवाल की यह प्रतिक्रिया आई।

आप नेता राघव चड्ढा ने भी चंडीगढ़ महापौर चुनाव की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय जाएंगे और नए सिरे से चुनाव की मांग करेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने कहा कि पूरे देश ने देखा कि चंडीगढ़ महापौर चुनाव में क्या हुआ। उन्होंने कहा, यह लोकतंत्र के लिए काला दिन है। सभी ने देखा कि उन्होंने किस तरह वोट चुराए और अपने उम्मीदवार को बलपूर्वक जिताया। मुद्दा यह नहीं है कि महापौर कौन बनता है, लेकिन देश नहीं हारना चाहिए और लोकतंत्र नहीं हारना चाहिए। महापौर आते जाते रहते हैं, पार्टियां आती जाती रहती हैं।

भाजपा ने मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर चुनाव में जीत हासिल की और तीन शीर्ष पदों पर कब्जा बरकरार रखा। इसे आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के लिए झटके के तौर पर देखा जा रहा है।

# जदयू की महाराष्ट्र इकाई विपक्षी गठबंधन का हिस्सा बनी रहेगी : कपिल पाटिल



मुंबई/भाषा। जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) की महाराष्ट्र इकाई विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा बनी रहेगी। राज्य इकाई के एक नेता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने रविवार को रिकॉर्ड नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को छोड़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ राज्य में नई सरकार बनाई। नीतीश ने 18 महीने से भी कम समय पहले भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से नाता तोड़ लिया था।

पार्टी महासचिव और विधान परिषद के सदस्य कपिल पाटिल ने यहां कहा कि जदयू की राज्य इकाई विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के साथ अपने संबंध जारी रखेगी। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, हमने शीर्ष नेतृत्व को अपने फैसले से अवगत करा दिया है।

# शांति और अहिंसा पर महात्मा गांधी का संदेश सभी का मार्गदर्शन करेगा: आंध्र प्रदेश के राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



अमरावती/भाषा। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर और मुख्यमंत्री वाई. एस. जगन मोहन रेड्डी ने मंगलवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने राजभवन में गांधीजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। राजभवन द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में नजीर ने कहा, गांधीजी ने सत्य और अहिंसा का मार्ग अपनाया और विश्व शांति में विश्वास किया। उनका जीवन और शांति एवं अहिंसा का संदेश सभी का मार्गदर्शन करेगा।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इसी तरह मुख्यमंत्री ने अपने कार्यालय में राष्ट्रपिता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। रेड्डी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, महात्मा गांधी स्वतंत्रता संग्राम में सत्य और अहिंसा को हथियार के रूप में इस्तेमाल करके राष्ट्रपिता के रूप में उभरे। हमारी सरकार ने ग्राम सचिवालय प्रणाली को अपनाकर ग्राम स्वराज के उनके सपने को हासिल किया है। इस अवसर पर रेड्डी के साथ उद्योग मंत्री जी. अमरनाथ, राज्यसभा सदस्य वी. विजयसाई रेड्डी और वाई. वी. सुब्बा रेड्डी भी थे।

# सी40 रिचार्ज ईवी में आग लगने के मामले की गहनता से होगी जांच: वोल्वो

नई दिल्ली/भाषा। महंगी कार बनाने वाली वोल्वो कार इंडिया ने मंगलवार को कहा कि वह सी40 रिचार्ज इलेक्ट्रिक एसयूवी में आग लगने की घटना की 'बारीकी से' जांच करेगी। इस वाहन में पिछले हफ्ते छत्तीसगढ़ में आग लग गई थी। कंपनी ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि तकनीकी विशेषज्ञ यह पता लगाने की कोशिश करेंगे कि चलते समय कार में आग क्यों लगी।

वाहन विनिर्माता ने बयान में कहा, वोल्वो में हमें अपनी कारों की सुरक्षा पर गर्व है और हमने इस घटना को बहुत गंभीरता से लिया है। कारण का पता लगाने के लिए हमारे विशेषज्ञ उक्त वाहन की बारीकी से जांच करेंगे। कंपनी ग्राहक के संपर्क में है और उसे हरसंभव समर्थन दिया जाएगा। स्वीडिन की कार विनिर्माता कंपनी ने कहा कि सुरक्षा उपकरणों ने चालक को कार को एक तरफ ले जाने और कार से बाहर निकलने के बारे में सूचना दी।

# टाटा मोटर्स बनी सबसे मूल्यवान वाहन कंपनी, बाजार पूंजीकरण में मारुति को पीछे छोड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। टाटा मोटर्स मंगलवार को बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के लिहाज से देश की सबसे मूल्यवान वाहन कंपनी बन गई। उसने इस मामले में मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) को पीछे छोड़ दिया है। कंपनी के बाजार पूंजीकरण में उसके मूल्यांकन के अलावा डीवीआर (डिफरेंशियल वोटिंग राइट्स) शेयर शामिल हैं।

टाटा मोटर्स का शेयर मंगलवार को बीएसई में 2.19 प्रतिशत चढ़कर 859.25 रुपए पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान यह 5.40 प्रतिशत उछलकर 886.30 रुपए प्रति शेयर पर पहुंच गया था। टाटा मोटर्स लि. - डीवीआर शेयर 1.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ 572.65 रुपए पर पहुंच गया। वहीं मारुति का शेयर 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 9,957.25 रुपए पर बंद हुआ।

टाटा मोटर्स का एमकैप 2,85,515.64 करोड़ रुपए जबकि टाटा मोटर्स लि. -डीवीआर का बाजार पूंजीकरण 29,119.42 करोड़ रुपए रहा। कुल मिलाकर यह 3,14,635.06 करोड़ रुपए रहा। यह मारुति के 3,13,058.50 करोड़ रुपए के मूल्यांकन से 1,576.56 करोड़ रुपए अधिक है।

सेंसेक्स और निफ्टी कंपनियों में टाटा मोटर्स सर्वाधिक लाभ में रहने वाली कंपनियों में शामिल रही।

# क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग धोखाधड़ी में नवी मुंबई के व्यवसायी को 60 लाख रुपए का नुकसान, मामला दर्ज

ठाणे (महाराष्ट्र)/भाषा। महाराष्ट्र में नवी मुंबई के एक 59 वर्षीय व्यवसायी को विदेशी मुद्रा और क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग में निवेश के जरिए आकर्षक मुनाफे का लालच देकर कथित तौर पर उससे 60.23 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने इस सिलसिले में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नवी मुंबई साइबर प्रकोष्ठ के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गजानन कदम ने कहा कि आरोपी ने पिछले महीने साजो सामान का व्यवसाय करने वाले कलंबोली इलाके के निवासी पीड़ित से संपर्क किया और उसे उच्च रिटर्न का वादा कर विदेशी मुद्रा और क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग में निवेश करने का लालच दिया। पीड़ित ने बाद में आरोपी द्वारा भेजे गए विभिन्न लिंक के माध्यम से 64,70,024 रुपए का निवेश किया।

अधिकारी ने कहा कि जब कारोबारी ने अपने निवेश पर रिटर्न मांगा तो आरोपी ने पहले तो गोलमोल जवाब दिया, लेकिन पीड़ित के लगातार संपर्क करने के बाद आरोपी ने उसे केवल 4,46,878 रुपए लौटाए और बाद में जवाब नहीं दिया। पीड़ित की शिकायत के आधार पर साइबर प्रकोष्ठ पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ भादसं (आईपीसी) की धारा 419 (खुद को किसी और के रूप में पेश कर धोखाधड़ी) और 420 (धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज किया। उन्होंने कहा कि विदेशी मुद्रा और क्रिप्टोकरेंसी जैसे जटिल वित्तीय साधनों से अपरिचित लोगों को सलाह दी जाती है कि वे सावधानी बरतें और धन निवेश करने से पहले किसी भी निवेश मंच या व्यक्ति के बारे में गहन शोध करें।

# भाजपा का खरगे पर पलटवार, वंशवादी राजनीति का अंत हो रहा है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के एक बयान को लेकर मंगलवार को उन पर पलटवार किया और कहा कि देश में वंशवादी राजनीति का अंत हो रहा है और सच्चे लोकतंत्र का उदय हो रहा है।

खरगे ने सोमवार को ओडिशा में पार्टी की एक सभा में दावा किया था कि अगर 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी फिर जीत गई तो फिर देश में चुनाव नहीं होगा और तानाशाही आ जाएगी। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने खरगे की इस टिप्पणी को लेकर उन पर पलटवार करते हुए कहा, लोकतंत्र की आड़ में होने वाली वंशवादी राजनीति समाप्त हो रही है, और वे सोच रहे हैं कि उनका भविष्य क्या होगा। त्रिवेदी ने कहा, चाहे जम्मू-कश्मीर में अब्दुल्ला और मुफ़्ती परिवार हों, या पंजाब में बादल, हरियाणा में हुडा परिवार, ये सभी चुनाव हार गए। अशोक गहलोत के पुत्र भी चुनाव हार गए। अखिलेश यादव की पत्नी चुनाव हार गईं, बिहार में लालू प्रसाद यादव की बेटी चुनाव हार गईं... वंशवादी राजनीति के सबसे बड़े प्रतीक राहुल गांधी चुनाव हार गए। उन्होंने कहा, खरगे जी जो भी कह रहे हैं, उसका वास्तविक अर्थ यह है कि लोकतंत्र की आड़ में की जाने वाली वंशवादी राजनीति को पिछले चुनाव में मतदाताओं ने पूरी तरह से खारिज कर दिया... सच्चे लोकतंत्र का वास्तविक उद्भव हो रहा है। त्रिवेदी ने इस बात पर जोर दिया कि ''भारत में केवल दो प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और नरेन्द्र मोदी लोकतांत्रिक ढंग से चुने गए। भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि अप्रैल 1946 में कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में 16 मतों को छोड़कर सारे मत सरदार वल्लभभाई पटेल को मिले। नेहरू को कोई वोट नहीं मिला था। यह बात आचार्य कृपलानी और मौलाना आजाद की किताबों में है।

# एटीसी मंजूरी के बगैर इंडिगो के विमान ने बाकू के लिए उड़ान भरी, डीजीसीए जांच में जुटा

नई दिल्ली/भाषा। विमानन नियामक डीजीसीए हवाई यातायात नियंत्रक की मंजूरी के बगैर इंडिगो की एक उड़ान के दिल्ली से बाकू के लिए रवाना होने की घटना की जांच कर रहा है। इस उड़ान का संचालन करने वाले पायलटों को जांच होने तक 'रोस्टर' से हटा दिया गया है। यह घटना 28 जनवरी की है। नागर विमानन महानिदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एटीसी की मंजूरी के बिना इंडिगो के इस विमान के उड़ान भरने की घटना की जांच कर रहा है। यह उड़ान दिल्ली से अजरबैजान की राजधानी बाकू के बीच संचालित थी। इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा, 28 जनवरी, 2024 को दिल्ली और बाकू के बीच संचालित इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 1803 के बारे में आई रिपोर्टों के संदर्भ में घटना की जांच चल रही है।



# सर्वश्रेष्ठ झांकी: ओडिशा को पहला पुरस्कार, गुजरात की झांकी को लोगों की पसंद श्रेणी में शीर्ष स्थान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। देश के 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड के दौरान ओडिशा में महिला सशक्तीकरण के साथ ही राज्य के समृद्ध हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्र को प्रदर्शित करने वाली राज्य की रंग-बिरंगी झांकी को विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा प्रदर्शित झांकियों में प्रथम पुरस्कार मिला है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

धोरडो पर्यटन गांव को प्रदर्शित करने वाली गुजरात की झांकी ने लोगों की पसंद श्रेणी में पहला स्थान अर्जित किया है। दोनों श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ झांकी के पुरस्कारों की घोषणा मंगलवार को की गई और यहां दिल्ली छावनी में आयोजित एक समारोह के दौरान उन्हें प्रदान किया गया। अधिकारियों ने बताया कि परंपरागत परेड के दौरान विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा प्रदर्शित की गई झांकियों में 'भारत: लोकतंत्र की जननी' विषयक संस्कृति मंत्रालय की झांकी को प्रथम पुरस्कार मिला है। अधिकारियों ने बताया कि 'जीवंत गांवों' को दर्शाने वाली गृह मंत्रालय की झांकी को दूसरा पुरस्कार मिला है। गणतंत्र दिवस के भव्य समारोह के दौरान राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 16 और केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों से नौ झांकियां कर्तव्य पथ पर निकलीं। इस समारोह के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों उपस्थित थे। जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अपनी झांकियां प्रस्तुत कीं उनमें अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, मणिपुर, मध्य प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, राजस्थान, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, लद्दाख, तमिलनाडु, गुजरात, मेघालय, झारखंड, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना शामिल थे।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ओडिशा की झांकी निर्णायकों की पसंद श्रेणी में पहले स्थान पर रही, जबकि गुजरात की झांकी ने लोगों की पसंद श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि जज वर्ग में गुजरात दूसरे स्थान पर रहा जबकि तमिलनाडु तीसरे स्थान पर रहा। लोगों की पसंद श्रेणी में उत्तर प्रदेश को दूसरा और आंध्र प्रदेश को तीसरा स्थान मिला। लोगों की पसंद श्रेणी में विजेताओं का चयन करने के लिए, माईजीओवी मंच के माध्यम से सार्वजनिक मतदान किया गया था। ओडिशा की विजेता झांकी के मध्य भाग में सजीव प्रदर्शनों के माध्यम से हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी पर प्रकाश डाला गया और उन्हें नकद रहित लेनदेन और ई-प्लेटफॉर्म मार्केटिंग में संलग्न दिखाते हुए प्रौद्योगिकी के अनुसार उनके ढलने को दर्शाया गया। झांकी पर एक बड़ा छाता विकसित भारत कार्यक्रम के तहत कारीगरों को केंद्र और राज्य सरकारों के पूरे दिल से समर्थन को दर्शाता है। कोणार्क मंदिर का घोड़ा विकसित भारत को आकार देने में ओडिशा की तीव्र प्रगति का प्रतीक है।

झांकी में दिव्य हाथी कंदर्प हस्ती ओडिशा की महिलाओं के विकसित भारत के प्रति समर्पण का प्रतीक है, जो भगवान श्रीकृष्ण के प्रति गोपियों की भक्ति के समान है।

गुजरात की झांकी में कच्छ की कला और संस्कृति के दिलचस्प पहलुओं को शामिल किया गया था। यह झांकी 'धोरडो: गुजरात के सीमांत पर्यटन की वैश्विक पहचान' विषय पर आधारित थी।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
उपलब्ध
DNR Highline @ Okalipuram
near LULU Mall Rajajinagar
3 & 4 BHK FLATS
with 7 Star Luxurious Amenities.
Only Few Flats available for Sale.
for details
Contact Owner: 9844027560

# आईएमएफ ने 2024 के लिए वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 3.1 प्रतिशत किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन/एपी। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने विश्व अर्थव्यवस्था के लिए अपने अनुमान को बेहतर किया है। उसने कहा है कि अमेरिका के नेतृत्व में मजबूत वृद्धि और मुद्रास्फीति की धीमी गति से वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति पहले के अनुमान से बेहतर रहने की उम्मीद है। आईएमएफ ने अपनी ताजा रिपोर्ट में मंगलवार को कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के इस वर्ष 3.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। यह 2023 की वृद्धि के बराबर है, लेकिन अक्टूबर के पिछले अनुमान 2.9 प्रतिशत से बेहतर है।

मुद्राकोष का अनुमान है कि वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति 2024 में घटकर 5.8 प्रतिशत और 2025 में 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2023 में 5.8 प्रतिशत थी। रिपोर्ट के अनुसार, विकसित देशों में महंगाई दर इस साल कम होकर 2.6 प्रतिशत और अगले साल दो प्रतिशत पर आने की उम्मीद है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व और अन्य कई केंद्रीय बैंकों ने महंगाई को दो प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य रखा है। एक तरफ वृद्धि में सुधार और दूसरी तरफ महंगाई में नरमी से वैश्विक अर्थव्यवस्था कुल मिलाकर चक्रीय नरमी की ओर हैं।

# विहिप कर्नाटक में हनुमान ध्वज अभियान शुरू करेगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक विश्व हिंदू परिषद (विहिप) इकाई ने कहा कि वह राज्य में हनुमान ध्वज अभियान शुरू करेगी और राज्य की हर सड़क और घर पर हनुमान ध्वज फहराया जाएगा। विहिप की घोषणा 26 जनवरी के गणतंत्र दिवस समारोह के लिए अधिकारियों द्वारा हनुमान ध्वज को तिरंगे से बदलने के बाद सामने आई है। विहिप के प्रांत सह कार्यदर्शी शरण पंपवेल ने मीडियाकर्मियों से कहा, मांड्या के केरागोडु में सभी रामभक्तों ने हनुमान ध्वज फहराया था। लेकिन मुस्लिम वोटों के लिए कर्नाटक सरकार ने झंडा हटा दिया है। इसे फिर से फहराने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक में हनुमान ध्वज अभियान चलाया जाएगा और हर सड़क, हर घर पर हनुमान ध्वज फहराया जाएगा। शरण ने कहा, हम इस तरह से सरकार को भगवान हनुमान के प्रति अपनी भक्ति दिखाएंगे। उन्होंने कहा, ऐसी घटनाओं से हिंदू, राम और हनुमान के भक्त दुखी हैं। हम तिरंगा फहराने के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए कुछ दिशानिर्देश हैं। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज का भी अपमान किया है। जिन लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया, उन पर देशद्रोह का आरोप लगाया जाना चाहिए।

श्रीराम सेना के संस्थापक प्रमोद मुथालिक ने कहा कि कांग्रेस को भगवा रंग पसंद नहीं है और उन्हें हिंदू और हिंदुत्व भी पसंद नहीं है। पूरा देश श्रीराम की सुनामी में बह गया है। देश के हर घर और हर गांव में जो जश्न मनाया जा रहा है, उसे कांग्रेस पचा नहीं पा रही है। उन्होंने कहा कि भगवा किसी व्यक्ति या पार्टी का नहीं, बल्कि हजारों साल की विरासत है।

मुथालिक ने कहा, अगर मुसलमानों को इस पर आपत्ति है, तो उन्हें यह बताना होगा कि यह न तो पाकिस्तान है और न ही अफगानिस्तान। हिंदुस्तान में भगवा झंडा हमेशा लहराता रहेगा। उन्होंने कहा कि केरागोडु में 108 फीट ऊंचे ध्वज स्तंभ पर हनुमान ध्वज फहराया गया। स्थानीय लोगों ने इसे 22 जनवरी को स्थापित किया था। 26 जनवरी को तिरंगा फहराया गया, अब हनुमान का झंडा फिर से फहराया जाना चाहिए।

कर्नाटक भाजपा इकाई ने मंडया जिले के केरागोडु गांव में फहराए गए भगवा झंडे को अधिकारियों द्वारा उतारने की घटना की निंदा करते हुए सोमवार को सभी जिला मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा कि भाजपा बेवजह परेशानी पैदा कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा, हनुमान ध्वज फहराने का कोई विरोध नहीं है। लोगों को तिरंगा फहराने की अनुमति मिल गई है। उन्होंने कहा, मैं भी हिंदू हूं। मैं सभी धर्मों के लोगों से प्यार करता हूं। हम संविधान में निहित धर्मनिरपेक्षता में विश्वास रखते हैं, जिसका अर्थ है सहिष्णुता और सह–अस्तित्व। एलओपी आर. अशोक और जद (एस) नेता एच.डी. कुमारस्वामी मांड्या का दौरा कर हिंदुओं को भड़का रहे हैं। वे हिंदुओं को इसलिए भड़का रहे हैं, क्योंकि लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं। समझदार लोग इनकी चाल समझ रहे हैं।

## पंचायत विकास अधिकारी निलंबित

मंडया। मंडया में 108 फुट ऊंचे ध्वजस्तंभ से हनुमान ध्वज हटाने को लेकर बढ़ते तनाव के बीच केरागोडु ग्राम पंचायत विकास अधिकारी (पीडीओ) को निलंबित कर दिया गया है। मंडया जिला पंचायत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शेख तनवीर आसिफ द्वारा सोमवार को जारी आदेश में कहा गया है कि केरागोडु गांव में केवल भारतीय ध्वज तिरंगा फहराने की अनुमति दी गई थी।

आदेश में कहा गया है कि पीडीओ ने न केवल लोगों को हनुमान ध्वज फहराने का मौका दिया बल्कि इसे हटाने के लिए भी कदम नहीं उठाया। पंचायत उपमंडल अधिकारी ने 28 जनवरी को तहसीलदार और पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर झंडा हटा दिया जिससे कानून–व्यवस्था की समस्या पैदा हो गई और इसके लिए पीडीओ को जिम्मेदार ठहराया गया।

विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगी जनता दल (सेक्युलर) (जद–एस) ने मंडया में हनुमान ध्वज को हटाए जाने के विरोध में और उसे फिर से लगाए जाने की मांग करते हुए बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया जिसके कारण सोमवार को सुरक्षा बढ़ा दी गई।

# गोडसे के 'वंशज' शांति भंग कर रहे हैं : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। हनुमान ध्वज हटाने को लेकर छिड़े विवाद के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने मंगलवार को कहा कि महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोड्से के 'वंशज' राज्य में शांति भंग कर रहे हैं। सोमवार को मांड्या जिले के केरागोडु गांव में 108 फुट ऊंचे ध्वजदंड से फहराए गए भगवा झंडे को हटाने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल (एस) (जद–एस) ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया था। सिद्दरामैया ने कहा कि विपक्षी दलों के प्रदर्शन का उद्देश्य राजनीतिक लाभ उठाना था।



उन्होंने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद संवाददाताओं से कहा, हमारे बीच ऐसे लोग हैं जो गोड्से की पूजा करते हैं, हालांकि वे महात्मा गांधी के बारे में भी बोलते हैं।'' मंडया में तनाव के बारे में पूछे जाने पर सिद्दरामैया ने कहा कि शांति भंग करने की कोशिश की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''शांति भंग करने वाले लोग गोड्से के वंशज हैं।

लोगों को समाज में शांति के लिए प्यार और विश्वास के साथ रहना चाहिए। किसी को भी सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।'' सिद्दरामैया ने दोहराया कि केरागोडु पंचायत ने किसी धार्मिक या राजनीतिक झंडे की नहीं बल्कि केवल तिरंगे या कर्नाटक ध्वज को फहराने की अनुमति दी थी।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, वे (केरागोडु में कार्यक्रम के आयोजक जिन्होंने भगवा झंडा फहराया था) कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति के लिए अपने लिखित आवेदन के खिलाफ क्यों गए? यह राजनीतिक लाभ हासिल करने और समाज में अशांति पैदा करने के लिए किया गया था।

### श्रद्धांजलि



बेंगलूरु में मंगलवार को मुख्यमंत्री सिद्दरामैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और अन्य ने शहीद दिवस के अवसर पर केपीसीसी कार्यालय में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

## सिद्दरामैया का सीतारमण से बजट में रायचुर में एम्स स्थापित करने का प्रस्ताव शामिल करने का आग्रह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर आगामी बजट में राज्य के रायचूर जिले में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना के लिए राज्य के प्रस्ताव को शामिल करने का अनुरोध किया है। सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी।



सिद्दरामैया ने 29 जनवरी को लिखे पत्र में कहा, 'रायचूर एक आकांक्षी जिला है। यह कल्याण कर्नाटक क्षेत्र में आता है। यहां स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति आय का स्तर अब भी कर्नाटक के अन्य क्षेत्रों की तुलना में कम है। रायचूर जिले को एक उच्च गुणवत्ता वाले रेफरल चिकित्सा केंद्र स्थापित करने की तत्काल आवश्यकता है।'

उन्होंने कहा कि कर्नाटक में एम्स स्थापित करने का प्रस्ताव काफी समय से लंबित है। संभावित स्थानों पर विचार करने पर राज्य सरकार का मानना ह्रह्रहै कि रायचूर एम्स स्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है। इसीलिए, आपसे अनुरोध है कि 2024–25 के आगामी बजट में रायचूर में एम्स की स्थापना के प्रस्ताव को शामिल किया जाए। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख एल मांडविया को 17 जून, 2023 के लिखे अपने पत्र की प्रति भी संलग्न की है। रायचूर में विभिन्न संगठन क्षेत्र में एम्स की लंबे समय से मांग कर रहे हैं।

# 'बैग में बम' का मजाक पड़ा भारी, हवाई यात्री गिरफ्तार

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। बेंगलूरु में एक हवाई यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसने विमान में सुरक्षा जांच के दौरान मजाक में कहा था कि उसके बैग में बम है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान 48 वर्षीय साजु के कुमारन के रूप में की गई है, जो एक निजी कंपनी का कर्मचारी है। यह घटना रविवार शाम को हुई, जब कुमारन को एयर इंडिया की फ्लाइट से बेंगलूरु से केरल के कोच्चि के लिए रवाना होना था। कथित तौर पर विमान में सवार आरोपी ने कर्मचारियों को यह कहते हुए अपना बैग जांचने की अनुमति नहीं दी कि वह इसमें बम ले जा रहा है, इसके बाद उसे विमान से उतार दिया गया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के अधिकारियों ने गहन जांच की और कुमारन को बेंगलूरु हवाईअड्डा पुलिस स्टेशन ले गए।

सूत्रों ने बताया कि कुमारन अपनी बहन के घर जाने के लिए केरल जा रहे थे, क्योंकि उसके नवजात बच्चे की डिलीवरी के दौरान मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि वह सीट पर बैठने के बाद विमान के अंदर अतिरिक्त सुरक्षा जांच से परेशान थे। आरोपी ने बताया कि उसने एसएटीएफ से पूछा था, ''क्या तुम्हें लगता है कि मैं बम या चाकू ले जा रहा हूं।''

उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 505 (सार्वजनिक उत्पात के लिए अनुकूल बयान जारी करने के लिए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कर्नाटक कांग्रेस प्रमुख ने सोनिया को राज्य से राज्यसभा सीट की पेशकश की खबरों का खंडन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के प्रमुख डी. के. शिवकुमार ने मंगलवार को मीडिया में आई उन खबरों को गलत और अटकलबाजी करार देते हुए खारिज कर दिया जिनमें दावा किया गया था कि पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को राज्य से राज्यसभा सीट की पेशकश की जा सकती है। शिवकुमार ने स्पष्ट किया कि ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है। मीडिया के एक वर्ग में ऐसी खबरें आई हैं कि सोनिया गांधी आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ सकतीं और उन्हें कर्नाटक से राज्यसभा सीट दी जा सकती है।

उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने ऐसी खबरों को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, ''ऐसी सभी सूचनाएं झूठी हैं, ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है। आप (मीडिया) ऐसी अटकलें लिख रहे हैं, ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है।'' सोनिया गांधी ने 1999 के लोकसभा चुनाव में कर्नाटक के बेल्लारी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता दिवंगत सुषमा स्वराज को हराकर जीत हासिल की थी।

शिवकुमार ने मंडया जिले के केरागोडु गांव में 108 फुट ऊंचे ध्वजदंड से फहराए गए हनुमान ध्वज को हटाने को लेकर विवाद के लिए भाजपा और जनता दल (एस) (जद–एस) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अशांति और कानून–व्यवस्था की स्थिति पैदा करने के लिए ऐसी चीजें की जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्दोष ग्रामीणों का दुरुपयोग किया जा रहा है। शिवकुमार ने कहा, पुराने मैसूरु क्षेत्र (दक्षिण कर्नाटक) में सभी जातियों और धर्मों के लोग शांति और भाईचारे के साथ रह रहे हैं। अब वे एक नया प्रयोग करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें करने दें।

उन्होंने कहा कि केरागोडु में पंचायत ने संबंधित स्थानीय संगठन से एक वचन लिया था कि वे राष्ट्रीय और कन्नड़ ध्वज के अलावा कुछ भी नहीं फहराएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय ध्वज और संविधान की रक्षा और सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंडया में अधिकारियों ने रविवार को ''हनुमान ध्वज'' के स्थान पर राष्ट्रीय ध्वज लगा दिया। भाजपा के हर घर में हनुमान झंडा बांटने की योजना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, भाजपा ने हर घर तिरंगा' अभियान चलाया था, इसका क्या हुआ। अब उन्होंने तिरंगा क्यों छोड़ दिया है? वे केंद्र में सरकार में हैं, उन्हें तिरंगे की जगह हनुमान ध्वज वाला कानून लाने दीजिए। हनुमान ध्वज को हटाने के खिलाफ मंडया के जिला मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए जद (एस) नेता एच. डी. कुमारस्वामी पर कटाक्ष करते हुए शिवकुमार ने कहा, ऐसा लगता है कि उन्होंने (कुमारस्वामी) अपनी पार्टी का भाजपा में लगभग विलय कर दिया है। उन्हें ऐसा करने दीजिए। वे कुछ भी करें, ये उनकी पार्टी का मामला है। वह किसी भी रंग का कोई भी 'शॉल' पहन सकते हैं। उन्होंने कहा, भाजपा का मंडया में कोई आधार नहीं है इसलिए वे वहां जद (एस) की ताकत का इस्तेमाल कर रहे हैं। देखते हैं कि कौन किसका इस्तेमाल करेगा।

## महात्मा गांधी के आदर्श 'भारत की आत्मा' हैं : रवि

चेन्नई। तमिलनाडु के राज्यपाल आर. एन. रवि ने मंगलवार को महात्मा गांधी को उनकी 77वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि अहिंसा सहित उनके आदर्श देश की आत्मा हैं।

माइक्रो ब्लॉगिंग साइट 'एक्स' पर तमिलनाडु राजभवन के आधिकारिक हैंडल पर राज्यपाल के हवाले से पोस्ट किया गया, ''महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि।


यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
A Government of India Undertaking

क्षेत्रीय कार्यालय, सेलम
पता: प्रथम एवं द्वितीय तल, एकेपी रत्ना टावर, नं. 13,भारतियार स्ट्रीट सुब्रमनिया नगर सूरमंगलम, सेलम, तमिलनाडु – 636005. दूरभाष: 0427-2334811. ईमेल:smpndrosalem@unionbankofindia.bank

पट्टे पर परिसर की आवश्यकता

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को रासिपुरम के निकट 1400 ± 10% वर्गफुट के कार्पेट क्षेत्र में एक अच्छी तरह से निर्मित "कब्जे के लिए तैयार" वाणिज्यिक परिसर की आवश्यकता है, जो मुख्य रूप से भूतल पर अच्छा अग्रभाग ,मुख्य सड़क तक आसान पहुँच , लिफ्ट, पर्याप्त पार्किंग सुविधा के साथ तैयार कब्जे में हो और हमारी फाइव रोड्स सेलम शाखा के लिए बैंक की आवश्यकतानुसार अन्य सुविधाएं हों.

| क्र.सं. | शाखा | आवश्यक कार्पेट क्षेत्रफल | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | रासिपुरम कावेरी स्ट्रीट | 1400 ± 10% | रासिपुरम, जिला- नामक्कल – 637408 |

मालिकाना हक प्राप्त प्रत्याशित विक्रेता या मालिकों की ओर से बातचीत का अधिकार रखने वाले दिनांक 31/01/2024 को कार्यालय अवधि के दौरान यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, सेलम के उपरोक्त पते से तकनीकी बोली/ मूल्य बोली का प्रारूप प्राप्त कर सकते हैं या www.unionbankofindia.co.in (या) eprocure.gov.in वेबसाइट से डाउनलोड भी कर सकते हैं और अपनी तकनीकी बोली और मूल्य बोली प्रस्ताव को अलग लिफाफों में "तकनीकी बोली और मूल्य बोली" लिखकर, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, # एकेपी रत्ना टावर,13,भारतियार स्ट्रीट, सुब्रमनिया नगर सूरमंगलम, सेलम, तमिलनाडु – 636005 पर दिनांक 20/02/2024 को या उससे पहले शाम 4:00 बजे तक भेज सकते हैं. बोलियों को विक्रेता/ उनके प्रतिनिधियों के उपस्थिति में दिनांक 20/02/2024 को शाम 4:30 बजे उपरोक्त लिखे पते पर खोला जाएगा. प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय के बाद प्राप्त बोलियों जैसा की वेंडर प्रमाणन में निर्दिष्ट है, पर विचार नहीं किया जाएगा. किसी भी दलाल या बिचौलिये के साथ बातचीत नहीं की जाएगी. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या सरकारी/ अर्ध-सरकारी निकायों द्वारा पट्टे पर दी जाने वाली संपत्ति को प्राथमिकता दी जाएगी. किसी भी परिस्थिति में कार्यालय परिसर हेतु किसी अनधिकृत निर्माण पर विचार नहीं किया जाएगा.

अधिक जानकारी के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in (या) eprocure.gov.in पर जाए. निर्धारित प्रारूप में बोलियों को जमा करने की अंतिम तिथि 20/02/2024 को शाम 4:00 बजे तक है.

बैंक बिना कोई कारण बताए प्राप्त किसी भी प्रस्ताव या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अपना अधिकार सुरक्षित रखता है.

दिनांक : 30.01.2024 क्षेत्र प्रमुख


### प्रदर्शन



बेंगलूरु में मंगलवार को भर्ती परीक्षाओं के संचालन और चयन सूचियों के प्रकाशन जैसे नियमित कार्यों में देरी के खिलाफ विधायक सुरेश कुमार के नेतृत्व में कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी) के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए।

## कुमारस्वामी की सिद्दरामैया को चुनौती

# हिम्मत है तो जाति जनगणना रिपोर्ट स्वीकार करें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलुरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सिद्दरामैया को चुनौती दी। पूर्व सीएम ने कहा कि यदि उनमें क्षमता है तो उन्हें राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष एच. कंथाराज द्वारा तैयार की गई जाति रिपोर्ट को स्वीकार करना चाहिए। यह बयान इसलिए महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि सीएम सिद्दरामैया ने घोषणा की थी कि वह विवादास्पद रिपोर्ट स्वीकार करेंगे।

कुमारस्वामी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि यदि कंथाराज रिपोर्ट दोषरहित है तो उसे स्वीकार करें। सत्तारूढ़ दल के सदस्यों ने दावा किया है कि यह रिपोर्ट अवैज्ञानिक (अनसाइंटिफिक) है। कुमारस्वामी ने कसा तंज, ''सीएम सिद्दारमैया रिपोर्ट को स्वीकार क्यों नहीं कर रहे हैं, जबकि उन्हें सत्ता में आए लगभग एक साल हो गया है? उन्होंने सवाल किया कि क्या सदस्य सचिव के हस्ताक्षर रहित रिपोर्ट को स्वीकार किया जा सकता है? अगर यह गरीब परिवारों के लिए आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से मददगार होगा तो मेरी पार्टी समर्थन देगी। अगर इसे ईमानदारी से लागू किया गया तो हम भी बिना शर्त समर्थन देंगे।'' पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने कहा था कि वह राम मंदिर निर्माण के लिए धन संग्रह के संबंध में जानकारी जनता के सामने रखेंगे। अगर भाजपा ऐसी गतिविधियों में शामिल होती है जो कानून के खिलाफ हैं, तो मैं उनका समर्थन नहीं करूंगा। कुमारस्वामी ने कहा कि यह जनता का पैसा है जो राज्य में गारंटी योजनाओं' पर खर्च किया जा रहा है। यह कांग्रेस पार्टी का पैसा नहीं है।



**कांग्रेस ने मांड्या जिले के केरागोडु में झंडा फहराने के लिए अधिकारियों को सौंपे गए पत्र को फर्जी बताया है। अगर मैंने कुछ भी गलत किया है, तो मुझे फांसी पर चढ़ा दो।**

हनुमान ध्वज विवाद पर कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने सवाल किया कि क्या केसरिया शॉल ओढ़ना गलत है? जब मैं एक दलित के कार्यक्रम में शामिल होने गया था तो मैंने नीला शॉल ओढ़ रखा था। केसरिया को लेकर कांग्रेस नेताओं की ओछी मानसिकता है। तिरंगे में कौन सा रंग है? अगर केसरिया रंग हटा दिया जाए तो क्या यह तिरंगा होगा? कुमारस्वामी ने कांग्रेस नेताओं से पूछा, कांग्रेस ने मांड्या जिले के केरागोडु में झंडा फहराने के लिए अधिकारियों को सौंपे गए पत्र को फर्जी बताया है। अगर मैंने कुछ भी गलत किया है, तो मुझे फांसी पर चढ़ा दो। लेकिन, यदि आप दोषी हैं, तो क्या किया जाना चाहिए? कांग्रेस नेताओं ने कुमारस्वामी पर सिलसिलेवार हमले करते हुए आरोप लगाया था कि हनुमान ध्वज विवाद के माध्यम से वह दक्षिण कर्नाटक क्षेत्र की शांति और सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

# कैंपस राजनीति पर रोक लगाने की मांग को लेकर केरल हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका दायर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोच्चि। केरल उच्च न्यायालय ने राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में कैंपस राजनीति पर रोक लगाने के निर्देश देने की मांग करने वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई शुरू कर दी है। जनहित याचिका में याचिकाकर्ता उच्च न्यायालय का एक पूर्व कर्मचारी है, जो एक न्यायाधीश के निजी सचिव के रूप में कार्यरत था। अपनी याचिका के जरिए वह चाहता है कि कोर्ट यह निर्देश जारी करे कि छात्र संगठनों को कॉलेज परिसर के भीतर राजनीतिक गतिविधियां चलाने का कोई अधिकार नहीं है। याचिका पर सुनवाई करने वाली खंडपीठ ने नोटिस जारी करने का फैसला किया है और मामले की अगली सुनवाई 20 फरवरी को होनी तक कर दी है। याचिकाकर्ता एन. प्रकाश ने इस महीने की शुरुआत में राज्य के स्वामित्व वाले महाराजा कॉलेज, एर्नाकुलम में सीपीआई–एम और कांग्रेस के छात्र विंग के बीच हुई झड़पों के बाद अदालत का दरवाजा खटखटाने का फैसला किया। झड़प में एक छात्र कार्यकर्ता को चाकू मार दिया गया और याचिकाकर्ता ने बताया कि ऐसी घटनाएं परिसर में अक्सर हो रही हैं और इसलिए वह चाहते हैं कि अदालत कॉलेजों में सभी प्रकार की छात्र राजनीति पर प्रतिबंध लगाए।


भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
भारतीय अंतरिक्ष, अनुसंधान संगठन
(निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग)
इसरो टेलिमेट्रि ट्रैकिंग एवं कमांड नेटवर्क (इस्ट्रैक)
प्लाट नं. 12 एवं 13, तीसरा मेन, द्वितीय फेज, पीण्या औद्योगिक क्षेत्र, बेंगलूरु–560058
फैक्स : 080–28094180 फोन : 080–28094182, 4541

संक्षिप्त ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, समुचित वर्ग के ठेकेदरों से एनआईटी में निम्न लिखित कार्यों के लिए नग दर ई–निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एनआईटी सं | इस्ट्रैक/सीएमजी/ई/एमएआईएनटी/ईटीएन-89 2023-24 दिनांक 30.01.2024 |
| कार्य का नाम | इसट्रैक, बेंगलूरु स्थित एमओएक्स परिसर में एमओएक्स-2 बिल्डिंग के नए ऑडियो-वीडियो रूम में पार्टिशन, फॉल्स सीलिंग और वॉल पैनलिंग प्रदान करना। |
| निविदा का अनुमानित मूल्य | रु. 21.73 लाख |
| निविदा दस्तावेज विवरण | ई-निविदा |
| कार्य समापन अवधि | दो (02) माह |
| निविदा प्रलेख डाउनलोड करने की अवधि | 31.01.2024 को 16.00 बजे से 13.02.2024 को 16.00 बजे तक |
| बोली स्पष्टीकरण | 01.02.2024 को 11.00 बजे से 14.02.2024 को 16.00 बजे तक |
| बोली स्पष्टीकरण के जवाब देने की अंतिम तारीख | 15.02.2024 को 16.00 बजे तक |
| निविदा प्राप्ति की अंतिम तारीख और समय | 16.02.2024 को 16.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की नियत तारीख और समय | 19.02.2024 को 11.00 बजे से |
| ईएमडी | रु. 43,460/- |

पात्रता मानदंड और अन्य ब्यौरे के लिए इच्छुक निविदाकार विस्तृत सूचना आमंत्रण निविदा (एनआईटी) देंखे जिसे वेबसाइट www.isro.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। बोली प्रपत्र औप अन्य ब्यौरे वेबसाइट www.tenderwizard.com/ISRO से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

ह/- समूह प्रमुख- सीएमजी




# कल से जयपुर में सजेगा पत्थरों का बाजार

## इंडिया स्टोनमार्ट- 2024 का होगा आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में पत्थर उद्योगों एवं अन्य गतिविधियों का प्रमुख स्थान है। राजस्थान में खनिज पत्थर एवं इससे संबंधित उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार प्रयासरत है।

इसी दिशा में रीको के अभिन्न अंग सेन्टर फॉर डवलपमेंट ऑफ़ स्टोन्स (सीडॉस) के तत्वावधान में इंडिया स्टोनमार्ट-2024 के 12वें संस्करण का शुभारंभ 1 फरवरी 2024 को प्रात: 11 बजे जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेन्टर (जेईसीसी) सीतापुरा में किया जाएगा। इंडिया स्टोनमार्ट का यह अन्तर्राष्ट्रीय आयोजन 1 फरवरी से 4 फरवरी तक आयोजित होगा।

यह आयोजन पत्थर उद्योग से संबधित विभिन्न हितधारकों जैसे घरेलू और विदेशी उत्पादकों, निर्यातकों, आयातकों, उपभोक्ताओं और खरीदारों, विशेषज्ञों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, वास्तुकारों, बिल्डरों, डेवलपर्स, कॉरपोरेट्स आदि को एक छत के नीचे लाएगा। इंडिया स्टोनमार्ट-2024 स्टोन सेक्टर से जुड़े उद्यमियों, सेवा प्रदाताओं, मैन्युफैक्चरर्स, कारोबारी जैसे एग्जीबिटर्स को दुनिया भर के उपभोक्ताओं के बीच अपने उत्पादों, सेवाओं और ब्रांडिंग को बढ़ावा देने और उनके व्यापार को बढ़ाने के लिए एक विश्व स्तरीय मंच प्रदान करेगा।

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया स्टोनमार्ट प्रदेश के समृद्ध पत्थर उद्योग को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाने में कामयाब साबित होगा। इस तरह के आयोजनों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों की राह खुलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया कार्यक्रम की दिशा में यह एक सार्थक प्रयास है।

मंत्री राठौड ने बताया कि प्रदर्शनी में कुल 411 एग्जीबिटर्स में से तुर्की से 68, ईरान एवं इटली से 5-5, अमेरिका से 2, वियतनाम, स्पेन-रूस-इथोपिया-चीन से एक-एक, कुल 85 विदेशी एग्जीबिटर्स तथा देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 326 एग्जीबिटर्स शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में 198 पत्थर उद्यमी, 195 टूल्स-मशीनरी उद्यमी, 18 संस्थागत व सेवा संबंधी एग्जीबिटर्स भाग लेंगे एवं अपने उत्पादों को दर्शाएंगे। स्टोनमार्ट में इस बार तुर्की, ईरान, ईटली के विदेशी मंडप एवं गुजरात, उड़ीसा, कर्नाटक एवं झारखंड राज्य के मंडप भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। उन्होंने बताया कि इंडिया स्टोनमार्ट में विशेष रूप से (स्टोन ऑफ राजस्थान गैलरी) बनाई गई है। जिसमें राजस्थान के उत्कृष्ठ पत्थरों का प्रदर्शन किया जाएगा।

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव व रीको अध्यक्ष अजिताभ शर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में मार्बल, ग्रेनाइट, सैंड स्टोन, कोटा स्टोन, स्लेट, क्वाट्र्ज़, पत्थर खनन एवं प्रसंस्करण मशीनरी, उपकरण, खनन के लिए भारी मशीनरी और पत्थर की विभिन्न किस्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इंडिया स्टोन मार्ट में 2 से 3 फरवरी 2024 तक 'जयपुर आर्किटेक्चर फेस्टिवल', साथ ही क्रेता-विक्रेता बैठकें एवं इस बार भी शिल्पग्राम का आयोजन किया जाएगा।

# ईआरसीपी को लेकर विधानसभा में हंगामा, कार्यवाही दो बार स्थगित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) पर हुए समझौते को लेकर सोमवार को राजस्थान विधानसभा में हंगामा हुआ जहां मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने राज्य सरकार के बयान पर असंतोष जताते हुए नारेबाजी की। कांग्रेस विधायकों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार बीस-बीस मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। इस मुद्दे पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए राज्य सरकार की ओर से आश्वस्त किया गया कि समझौते से राजस्थान को भरपूर पानी मिलेगा। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने आरोप लगाया कि पिछली कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में इस योजना को लागू करने के लिए कोई भी सार्थक प्रयास नहीं किया।

दोनों राज्यों के बीच संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल (पीकेसी), पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसको लेकर मंगलवार को सदन में चर्चा हुई। इसकी शुरुआत में राज्य के जल संसाधन मंत्री ने कहा कि संशोधित पार्वती कालीसिंध (पीकेसी) लिंक योजना को मूर्त रूप देने के लिए एक समझौते पर 28 जनवरी को हस्ताक्षर किए गए। उन्होंने कहा कि यह एमओयू दोनों ही राज्यों के लिए स्वर्णिम युग का सूर्योदय होगा। उन्होंने कहा कि योजना राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

सरकार की ओर से कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार इस परियोजना को लेकर मध्य प्रदेश की सहमति नहीं ले पाई। उन्होंने कहा , हमारे मुख्यमंत्री एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने इस परियोजना पर सहमति दे दी चूंकि हम आपसे सहमति नहीं ले पाए-- तो 'डबल इंजन की सरकार ने जो काम किया है उससे आपको (विपक्ष को) दिक्कत है। उन्होंने कहा,भरपूर पानी मिलेगा। मैंने जो आंकड़े दिए हैं, उसके हिसाब से उद्योगों एवं किसानों का विकास होगा। 2.80 लाख हेक्टेयर जमीन सिंचित होगी।

इससे पहले चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस विधायक मुरारी लाल मीणा ने कहा कि सरकार यह बताए कि नए समझौते के तहत राजस्थान को कितना पानी मिलेगा। उन्होंने समझौते में कई कमियां बताते हुए राज्य सरकार से इस पर पुनर्विचार करने की मांग की। कांग्रेस विधायक रोहित बोहरा ने आरोप लगाया कि इस समझौते के तहत राज्य की भाजपा सरकार ने विश्वासघात किया है और यह राज्य के हितों पर कुठाराघात है।

निर्दलीय विधायक यूनुस खान ने नए समझौते को राजस्थान के हितों से समझौता बताया। विधायक सुभाष गर्ग ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य के पानी के हितों को गिरवी रखा है। कई विधायकों ने समझौते की प्रति सदन के पटल पर रखने की मांग भी की। सरकार की ओर से मंत्री मीणा के जवाब के बाद विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने चर्चा समाप्त होने की घोषणा की।

कांग्रेस विधायकों ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने नए समझौते से 13 जिलों के हितों पर कुठाराघात किया है। वे नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोबींच में आ गए और 'पीकेसी धोखा है' के नारे लगाने लगे। इस बीच सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस होती रही।

अपरान्ह लगभग ढाई बजे अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 20 मिनट के लिए स्थगित की। दोबारा सदन बैठा तो कांग्रेस विधायकों ने आसन के समीप नारेबाजी जारी रखी। अध्यक्ष देवनानी ने उन्हें अपनी सीट पर लौटने का आग्रह किया लेकिन विधायकों ने इसकी अनदेखी कर दी। इस पर देवनानी ने सदन की कार्यवाही 20 मिनट के लिए और स्थगित करने की घोषणा की। बाद में कार्यवाही शुरू हुई तो अध्यक्ष ने बताया कि सदन में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर आगे चर्चा होनी है और नेता प्रतिपक्ष तथा मुख्यमंत्री की ओर से बात रखी जानी है इसको देखते हुए आगे कार्यवाही शुरू की गई।

## पानी पर राजनीति करने के लिए जनता ने गहलोत को सजा दी : गजेंद्र शेखावत

जोधपुर। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पानी के मुद्दे पर राजनीति की और जनता ने उन्हें इसी 'पाप' की सजा दी है। शेखावत ने दावा किया कि राजस्थान और मध्य प्रदेश के बीच समझौता नहीं हो पाने और पूर्ववर्ती गहलोत सरकार की जिद की वजह से भी पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) आगे नहीं बढ़ सकी।

केंद्रीय मंत्री ने ईआरसीपी की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के लिए केंद्र और राजस्थान तथा मध्य प्रदेश की सरकारों के बीच नई दिल्ली में रविवार को हुए त्रिपक्षीय समझौते का उल्लेख किया। शेखावत ने कहा, जनता ने पानी के मुद्दे पर राजनीति करने के पाप की सजा गहलोत को दी है। उन्होंने कहा, मैंने वादा किया था कि यदि राजस्थान में भाजपा सरकार बनती है तो हम चुनाव के बाद कैबिनेट की पहली बैठक में ईसीआरपी को मंजूरी दे देंगे।



## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर किए श्रद्धासुमन अर्पित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) पर मंगलवार प्रातः शासन सचिवालय स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

शर्मा ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं ज्ञात-अज्ञात शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने प्रतिमा के समक्ष बैठकर गांधी जी के प्रिय भजनों 'वैष्णव जन तो तेने कहिये, रघुपति राघव राजा राम, राम रतन धन पायो, राम जय राम, तू ही है तो सहारा' को सुना। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव, सचिवालय कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने भी मौन रखकर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## राजभवन में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मौन रखकर दी गई श्रद्धांजलि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धा नमन करते हुए उनके बताए सत्य, अहिंसा और नैतिकता के मार्ग पर चलते उनके बताए आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया है। राजभवन में मंगलवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बापू की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में राज्यपाल के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार ने राज्यपाल की ओर से गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बाद में सभी अधिकारी, कर्मचारियों ने भी उन्हें श्रद्धा नमन किया।

## ग्रामीण ओलम्पिक खेल की परिधान खरीद में कोई भ्रष्टाचार हुआ तो जांच करवाएंगे : राठौड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों में परिधान (टी-शर्ट इत्यादि) की खरीद में यदि कोई भ्रष्टाचार हुआ है तो राज्य सरकार वित्त विभाग के माध्यम से इसकी पूरी जांच कराएगी। राठौड़ ने प्रश्नकाल के दौरान गए पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि यह गंभीर चिन्ता का विषय है कि पूर्ववर्ती सरकार के समय 126 करोड़ रुपए की राशि इनकी खरीद पर व्यय की गई।

उन्होंने कहा कि खेल विभाग के बजट से भी चार गुणा अधिक बजट आवंटन इन खेलों के आयोजन में किया गया और किसी भी नए स्टेडियम अथवा स्थायी परिसंपत्ति का निर्माण नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि यदि मुख्य खेल अधिकारी के चयन को लेकर भी किसी तरह की अनियमितता हुई है तो उसकी भी जांच कराई जाएगी। इससे पहले विधायक मनोज कुमार के मूल प्रश्न के लिखित उत्तर में खेल मंत्री ने बताया कि राज्य में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल 2022 में 40 करोड़ 92 लाख 56,890 रुपए की राशि व्यय हुई तथा इसी प्रकार राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेल 2023 में 155 करोड़ 46 लाख 72500 रुपए की राशि व्यय हुई। उन्होंने इन दोनों प्रतियोगिता के आयोजन में हुए व्यय का विवरण सदन के पटल पर रखा। राठौड़ ने बताया कि ग्रामीण ओलंपिक खेलों के आधार पर राज्य, राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाओं के चयन या सरकारी सेवा में 'आउट ऑफ टर्न' नियुक्ति देने का प्रावधान नहीं है।

राठौड़ ने बताया कि ग्रामीण ओलंपिक खेलों में हुए व्यय की अभी कोई जांच नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि विधायक की मांग को देखते हुए ग्रामीण ओलंपिक खेलों में हुए व्यय की जांच करवाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि राजस्थान क्रीड़ा सहायता अनुदान नियम के तहत 7,145 आवेदन मिले जिनकी समीक्षा एवं प्रमाणीकरण के बाद पात्र खिलाड़ियों के लिए देय राशि का निर्धारण होगा। उन्होंने बताया कि 'आउट आफ टर्न' सरकारी सेवा में नियुक्ति हेतु 142 खिलाड़ियों के आवेदन चयन प्रक्रियाधीन हैं।

उद्घाटन



झालावाड़ में मंगलवार को लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करती पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे।

## आबादी क्षेत्र में जेलों के संचालन की समस्या का समाधान नए जिला कारागृह बनने पर हो सकेगा : गजेंद्र सिंह

जयपुर । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि नए जिला कारागृह बनने पर कैदियों को इनमें शिफ्ट किया जा सकेगा। इससे आबादी क्षेत्र में कारागृहों के संचालन तथा इनमें क्षमता से अधिक बंदियों को रखने की समस्या का समाधान हो सकेगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों पर कारागार मंत्री की ओर से जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय वित्तीय स्वीकृति दिलाकर आबादी क्षेत्र में चल रही जयपुर सेन्ट्रल जेल को अन्यत्र शिफ्ट किया जा सकता था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

गजेंद्र सिंह ने केंद्रीय कारागृह जयपुर में कैदियों की संख्या की जानकारी देते हुए कहा कि 1173 बंदियों की क्षमता की इस जेल में वर्तमान में 1587 कैदी हैं, जिनमें 406 सजायाफ्ता एवं 1181 विचाराधीन कैदी हैं। श्यालावास (दौसा) के कारागृह में 700 कैदियों को रखा जा सकता है। अभी वहां 340 कैदी हैं जिनमें से 64 केन्द्रीय कारागृह जयपुर से वहां गए हैं।

इससे पहले विधायक रफीक खान के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि केन्द्रीय कारागृह, जयपुर में कैदियों की संख्या की समस्या होने से जयपुर जेल के सजायाफ्ता बंदियों हेतु विशिष्ट केन्द्रीय कारागृह, श्यालावास (दौसा) संचालित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केन्द्रीय कारागृह, जयपुर को अन्यत्र स्थानान्तरित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। भविष्य में वैकल्पिक जमीन उपलब्ध होने पर कैदियों की संख्या व सुरक्षा एवं वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर विचार किया जा सकेगा।

# अवैध खनन विरोधी अभियानः अब तक 2283 प्रकरणों में 520 एफआईआर दर्ज, 243 की गिरफ्तारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देश पर माइंस विभाग द्वारा अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ 15 जनवरी से चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में 489 स्थानों पर अवैध खनन सहित अवैध खनन गतिविधियों के 2283 प्रकरण सामने आ चुके हैं। प्रदेश में पहली बार बड़ी मशीनों और उपकरणों की जब्ती के साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस कार्यवाही व गिरफ्तारी की गई है। खान एवं पेट्रोलियम सचिव आनन्दी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा अवैध खनन गतिविधियों को समूल समाप्त करने के उद्देश्य से राज्य व्यापी अभियान का संचालन खान, राजस्व, परिवहन, पुलिस और वन विभाग द्वारा जिला कलक्टरों के मार्गदर्शन में संयुक्त रुप से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा शुरु किए गए नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही पर जोर देते हुए 24 घंटे में कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। मुख्य सचिव सुधांश पंत अभियान प्रगति की नियमित समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दे रहे हैं।

खान सचिव आनन्दी ने बताया कि अभियान में केवल अवैध खनिज परिवहन करते वाहनों पर कार्यवाही के स्थान पर पहलीबार अवैध खनन गतिविधियों के स्रोत पर कार्यवाही पर जोर दिया गया है। यही कारण है कि प्रदेश में 15 जनवरी से 29 जून तक की अवधि में 2283 कार्यवाहियों में 489 अवैध खनन, 383 अवैध खनिज भण्डारण और 1421 अवैध परिवहन के प्रकरण सामने आ चुके हैं। प्रदेश में सर्वाधिक 149 कार्यवाही भीलवाड़ा जिले में हुई हैं। चित्तोड़गढ़ और कोटा में 100-100 कार्यवाही व अन्य जिलों में इससे कम प्रकरण सामने आये हैं।

अभियान के दौरान प्रदेश के विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज 520 एफआईआर और 243 गिरफ्तारी में सर्वाधिक 56 एफआईआर टोंक में धौलपुर में 43 और शेष अन्य स्थानों पर दर्ज हुई है। अवैध खनन गतिविधियों में लिप्त लोगों की गिरफ्तारी में झालावाड़ में 33 गिरफ्तारी हुई है। टोंक में 30, धौलपुर में 25, जालौर में 24 व शेष प्रदेश के अन्य स्थानों पर हुई है।


अभियान के दौरान अवैध खनन गतिविधियों में लिप्त वाहनों के साथ ही बड़ी मशीनरी और उपकरणों को जब्त करने पर जोर दिया गया है। प्रदेष में पहली बार अभियान के दौरान 47 एक्सक्रेटर, 67 जेसीबी और 5 क्रेन जब्त करने के साथ ही 1604 वाहन जब्त किये गये हैं। भीलवाड़ा में 3 और जोधपुर ग्रामीण क्षेत्र में 2 क्रेन जब्त की गई हैं वहीं 5 एक्सक्रेटर बाड़मेर में जब्त किये हैं। नीम का थाना और अजमेर में 4-4 एक्सक्रेटर और भीलवाड़ा, जयपुर ग्रामीण, जैसलमेर में 3-3 एक्सक्रेटर और बाकी अन्य स्थानों पर जब्त किये गये हैं। उदयपुर में 6 जेसीबी, भीलवाड़ा, झालावाड़, में 5-5 जेसीबी और बाकी अन्य स्थानों पर जब्त की गई है।

## मुख्य सचिव का फरमान : अधिकारी समय पर कार्यालय आएं, कोई काम पेंडिंग न रखें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने फरमान जारी कर निर्देश दिए हैं कि अधिकारी समय पर कार्यालय आएं, कोई काम पेंडिंग न रखें, अधीनस्थ कर्मचारियों के प्रति अच्छा व्यवहार रखें। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक में निर्णय के बाद इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। इसके मुताबिक सभी कार्मिक निर्धारित समय सुबह 9:30 बजे तक कार्यालय पहुंचकर कार्य प्रारम्भ करें। लंच समय दोपहर 01:30 बजे से 02:00 बजे तक रहेगा तथा बिना अनुमति कार्यालय नहीं छोड़ेंगे।

सभी कार्मिको द्वारा विभाग में प्राप्त डाक एवं पत्रावलियों का समयबद्ध निस्तारण किया जावे। अनावश्यक रूप से कोई भी डाक एवं पत्रावलियों को लम्बित नहीं रखा जाए। अनुभाग में प्राप्त / लम्बित / निस्तारित डाक एय पत्रावलियों की सूचना प्रत्येक सप्ताह उपलब्ध कराई जावे।



कार्यालय कक्ष को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित रखा जायें। राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की नियमित मॉनिटरिंग की जाकर पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का शीघ्र निस्तारित किया जाए। सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अन्तर्गत प्राप्त प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण किया जावे।

साथ ही विधान सभा प्रश्न / ध्यानाकर्षण प्रस्ताव / विशेष उल्लेख इत्यादि की सूचना समय पर भिजवाई जाए। लम्बित प्रश्नों की सूचना प्रत्येक सप्ताह उपलब्ध कराई जावे। विभाग द्वारा आयोजित बैठक का कार्यवाही विवरण उसी दिवस अथवा अगले दिवस तक जारी करवाया जाए। मुख्य सचिव के कार्यालय से प्राप्त विभिन्न पत्रों पर लिखा हुआ आयेगा। ऐसे पत्रों पर निर्धारित समयावधि में ही कार्यवाही की जायें। यदि किसी पत्रावली पर चर्चा हेतु लिखा जाता है तो उसी दिवस अथवा अधिक से अधिक अगले दिवस पर समय प्राप्त कर चर्चा करें।

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रत्येक सप्ताह अपने अधीनस्थ अनुभागों में से कम से कम एक अनुभाग का निरीक्षण किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान किसी अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी के पास अनावश्यक रूप से कोई लम्बित प्रकरण नहीं पाया जाना बाहिए।

मुलाकात



जयपुर में मंगलवार को अपने आवास पर लोगों से मुलाकात करते पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट।

## कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में अगली सुनवाई 22 फरवरी को

**प्रयागराज (उप्र)/भाषा।** मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि- शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सुनवाई टाल दी और इस वाद की पोषणीयता के संबंध में आवेदन पर सुनवाई की अगली तिथि 22 फरवरी, 2024 तय की। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने कहा कि वाद की पोषणीयता के संबंध में आवेदन इस बीच दाखिल किया जाना है और अगली तिथि पर अदालत इस मुद्दे पर सुनवाई करेगी। इससे पूर्व, 17 जनवरी, 2024 को अदालत ने हिंदू पक्ष को मुस्लिम पक्ष द्वारा वाद की पोषणीयता के संबंध में दाखिल आवेदन पर जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया था। उस दिन, उच्चतम न्यायालय के उस आदेश की प्रति इस अदालत को सौंपी गई थी जिसमें अधिवक्ता आयोग के गठन संबंधी 14 दिसंबर, 2023 के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी गई थी।

# सहयोगी दलों के साथ टकराव के चलते गुस्से में बयान दे रहे हैं खरगे : ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)/भाषा।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आखिरी चुनाव वाले बयान पर पलटवार करते हुए मंगलवार को कहा कि पार्टी प्रमुख (खरगे) गुस्से में बयान दे रहे हैं क्योंकि वह अपनी पार्टी और 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगियों के बीच टकराव से निराश हैं। ठाकुर का यह बयान खरगे द्वारा यह आशंका व्यक्त करने के एक दिन बाद आया है कि 2024 का लोकसभा चुनाव भारत में लोकतंत्र को बचाने के लिए लोगों के लिए आखिरी अवसर होगा।



खरगे ने कहा था, यह (आगामी लोकसभा चुनाव) भारत में लोकतंत्र बचाने के लिए लोगों के पास आखिरी मौका होगा। अगर नरेन्द्र मोदी एक और चुनाव जीतते हैं, तो देश में तानाशाही होगी। भाजपा भारत में उसी तरह शासन करेगी जैसे पुतिन रूस में कर रहे हैं। ठाकुर हमीरपुर जिले के दौरे पर थे। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा के लिए नादौन क्षेत्र में भाजपा के सेक्टर प्रभारियों की बैठक में भाग लिया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ठाकुर ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा, कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के साझेदारों के बीच आपसी टकराव के कारण कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे गुस्से में बयान दे रहे हैं।

ठाकुर ने कहा कि आम विधानसभा चुनाव होने से पहले ही 'इंडिया' गठबंधन टूट जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की स्थिति ऐसी है कि वह (लोकसभा में) विपक्ष का नेता बनने के लिए जरूरी सीटें भी नहीं जीत पा रही है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार पिछले विधानसभा चुनाव से पहले किए गए वादों को पूरा नहीं कर पा रही है, जबकि राज्य में उनकी पार्टी के नेता अपनी ही सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने में व्यस्त हैं।

## रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में तेजस्वी यादव से ईडी की पूछताछ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव से रेलवे में कथित नौकरी के बदले भूखंड घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पटना स्थित कार्यालय में पूछताछ जारी है। ईडी अधिकारियों ने बताया कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री मंगलवार सुबह करीब 11.35 बजे ईडी कार्यालय परिसर में दाखिल हुए। उनसे पूछताछ शुरू हो गई है।

इसी मामले में उनके पिता और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद से ईडी के अधिकारियों ने यहां अपने कार्यालय में सोमवार को नौ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने 19 जनवरी को लालू प्रसाद और उनके बेटे तेजस्वी यादव से पूछताछ के लिए



नया समन जारी किया था। इस मामले में राजद के दोनों नेताओं से पूछताछ के लिए दिल्ली से ईडी अधिकारियों की एक टीम रविवार को पटना पहुंची थी।

राजद ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर देश में विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का मंगलवार को आरोप लगाया। राजद सांसद मनोज झा ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा से बातचीत में आरोप लगाया, भाजपा ईडी, सीबीआई और आईटी विभाग का इस्तेमाल उन लोगों के खिलाफ करती है जिनसे वे डरते हैं। उन्होंने आरोप लगाया, यह स्पष्ट है कि दिल्ली के शासक अभी डरे हुए हैं और इसीलिए वे (विपक्षी दलों को) तोड़ने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। झा ने दावा किया, भाजपा का शीर्ष नेतृत्व विपक्ष से डरता है।

इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए राजद के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) शक्ति सिंह यादव ने आरोप लगाया, भाजपा नेता 2024 के लोकसभा चुनाव से डरते हैं। यह सर्वविदित तथ्य है कि तेजस्वी यादव उस समय नाबालिग थे, जब कथित नौकरी के बदले भूखंड घोटाला मामला प्रकाश में आया था। वे उन पर इसलिए आरोप लगा रहे हैं क्योंकि वह लालू प्रसाद के बेटे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में पिछली महागठबंधन सरकार में तेजस्वी यादव द्वारा भारी संख्या में प्रदान की गई नौकरियों से भाजपा नेता डर गए हैं।

## विपक्षी गठबंधन अपनी मौत खुद ही मर जाएगा : भाजपा



**नई दिल्ली/भाषा।** भाजपा ने मंगलवार को विपक्षी दलों के गठजोड़ 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) का, उसे ब्रेन डेड कहकर मजाक उड़ाया और कहा कि यह एक अप्राकृतिक गठबंधन है और जल्द ही अपनी मौत मर जाएगा। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि अन्य दलों के साथ झगड़ा करना कांग्रेस का स्वभाव है। उनकी यह टिप्पणी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) द्वारा मुख्य विपक्षी दल के साथ किसी भी गठबंधन से इनकार करने और जनता दल (यूनाइटेड) के 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) छोड़ कर भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का दामन थामने के बीच आई है।

# खरगे का नीतीश पर परोक्ष प्रहार : बिहार आयाराम-गयाराम की राजनीतिक प्रयोगशाला बन गया है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पूर्णिया/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने पुराने सहयोगी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम लिए बिना उनपर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए मंगलावार को कहा कि लोकतंत्र की जन्म भूमि माने जाने वाले बिहार में आज मौक़ापरस्ती, लोभ-लालच की राजनीति हावी हो गई है और यह आयाराम-गयाराम की राजनीतिक प्रयोगशाला बन गया है।



दृश्यता कम होने के कारण अपने विमान के नहीं उतर पाने पर खरगे ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा'' के क्रम में पूर्णिया में एक रैली को अपने एक वीडियो संदेश के जरिए संबोधित किया। खरगे ने कहा, बिहार लोकतंत्र की जन्म भूमि है। भगवान बुद्ध को यहीं ज्ञान मिला। यह महावीर और श्री गुरु गोबिंद सिंह की जन्मभूमि है। यह भूमि डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, मजहरूल हक, बाबू जगजीवन राम, जेपी और कर्पूरी ठाकुर से लेकर अनगिनत दिग्गजों एवं स्वतंत्रता सेनानियों की है। उन्होंने कहा, बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि आज इस भूमि पर मौक़ापरस्ती और लोभ-लालच की राजनीति हावी हो गई है। जो बिहार दुनिया को प्रकाश देता था, उसकी पहचान अब आयाराम-गयाराम की राजनीतिक प्रयोगशाला के रूप में हो गई है। पर हमारे पैर छोटे-मोटे कारणों से डगमगाने वाले नहीं हैं। कोई रहे या जाए, हम अपने उसूलों को छोड़नेवाले नहीं हैं। हम में महात्मा गांधी, सरदार पटेल, राजेंद्र बाबू और मौलाना आज़ाद की रूह है। हम इन्हें क़ायम रखने के लिए आख़िरी सांस तक लड़ेंगे। खरगे ने नीतीश कुमार का नाम लिए बिना उनके विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन से निकल जाने की ओर इशारा करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी ने किसी को धोखा नहीं दिया। किसी को सम्मान देने में कमी नहीं रखी। उन्होंने नीतीश कुमार के महागठबंधन से नाता तोडकर राजग में शामिल हो जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर प्रहार करते हुए कहा, महागठबंधन की सरकार ने वर्षों से ठप विकास यात्रा को गति देने का प्रयास किया, तो मोदी और शाह को चुभ गया, उन्हें पसंद नहीं आया।



## दिल का दौरा पड़ने से पहले चालक ने गाड़ी रोककर 60 से अधिक यात्रियों की जान बचाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बालेश्वर/भाषा।** ओडिशा के बालेश्वर जिले में मंगलवार को बस चला रहे एक चालक की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। लेकिन उसने अपनी मौत से पहले बस को समय रहते रोक दिया और इस तरह 60 से अधिक यात्रियों की जान बचा दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह घटना बालेश्वर जिले के पातापुर छक में तड़के हुई।

प्राथमिक सूचना का हवाला देते हुए पुलिस ने बताया कि पश्चिम बंगाल से पर्यटकों को लेकर यह बस बालेश्वर जिले के पंचलिंगेश्वर मंदिर जा रही थी। उसी बीच उसके चालक को दिल का दौरा पड़ा। उसने बताया कि जैसे ही चालक को दर्द महसूस हुआ, उसने बस सड़क किनारे खड़ी कर दी और वह बेहोश हो गया। पुलिस के मुताबिक चालक शेख अख्तर की इस हालत से घबराए यात्रियों ने स्थानीय पुलिस को बुलाया जो उन्हें नजदीकी नीलगिरि उपसंभागीय अस्पताल ले गई। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इससे पूर्व, अमित दास नामक एक यात्री ने बताया कि चालक की अचानक तबीयत खराब हो गई और उन्होंने बस रोक दी। अमित के अनुसार बस को सड़क के किनारे खड़ी करने के तुरंत बाद चालक बेहोश हो गया। स्थानीय लोग और पुलिस उन्हें अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यात्रियों एवं स्थानीय लोगों ने चालक की सूझबूझ की प्रशंसा की।

## सेला सुरंग का उद्घाटन तीसरे पक्ष के सुरक्षा ऑडिट के बाद किया जाएगा

**गुवाहाटी/भाषा।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए तैयार की गई रणनीतिक सेला सुरंग परियोजना का उद्घाटन तीसरे पक्ष के सुरक्षा ऑडिट के बाद ही किया जाएगा। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के अतिरिक्त महानिदेशक (पूर्व) पी के एच सिंह ने पीटीआई (भाषा) के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि ऑडिट इस साल फरवरी के मध्य तक पूरा होने की उम्मीद है, जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सुरंग का उद्घाटन कर सकते हैं। उन्होंने कहा 13,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित सुरंग का निर्माण कार्य पूरा होने वाला है। अनुबंध में भौतिक और पर्यावरणीय ऑडिट का प्रावधान है जो पहले ही हो गए हैं और उनके सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं। सिंह ने कहा कि उत्तराखंड में सिल्कयारा सुरंग के एक हिस्से के ढहने की घटना के बाद, बीआरओ महानिदेशक ने सेला सुरंग के तीसरे पक्ष के ऑडिट का आदेश दिया था क्योंकि यह वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के निकट होने के कारण रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा सुरंग का उद्देश्य वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सेना की क्षमताओं को बढ़ाना है।

## सपा ने उत्तर प्रदेश की 16 लोकसभा सीट पर की प्रत्याशियों की घोषणा

**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को उत्तर प्रदेश की 16 सीट पर अपने प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया। पार्टी की यह पहली सूची है।

सपा प्रवक्ता फखरुल हसन ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में इसकी पुष्टि की है।

सपा के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल से डाली गई सूची के मुताबिक मैनपुरी से सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी और मौजूदा सांसद डिंपल यादव और लखनऊ सीट से सपा के मौजूदा विधायक रविदास मेहरोत्रा को उम्मीदवार बनाया गया है।

इसके अलावा संभल से शफीकुरर्हमान बर्क, फिरोजाबाद से अक्षय यादव, एटा से देवेश शाक्य, बदायूं से धर्मेंद्र यादव, खीरी से उत्कर्ष वर्मा, धौरहरा से आनंद भदौरिया, उन्नाव से अनु टंडन, फर्रुखाबाद से नवल किशोर शाक्य, अकबरपुर से राजा रामपाल, बांदा से शिव शंकर सिंह पटेल, फैजाबाद से अवधेश प्रसाद, अंबेडकर नगर से लालजी वर्मा, बस्ती से राम प्रसाद चौधरी और गोरखपुर से काजल निषाद को सपा ने उम्मीदवार बनाया है।

## 'हमें नीतीश कुमार की कोई जरूरत नहीं, महागठबंधन को उनकी बिल्कुल जरूरत नहीं'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


**पूर्णिया/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा के साथ हाथ मिलाने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला करते हुए मंगलवार को कहा कि बिहार में विपक्षी दलों का महागठबंधन जदयू अध्यक्ष के बिना राज्य में समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा, (हमें) नीतीश जी की कोई ज़रूरत नहीं है... हमें उनकी बिल्कुल भी ज़रूरत नहीं है।



राहुल गांधी ने पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, हम किसानों के हितों के लिए लड़ते रहेंगे। बिहार में किसान आर्थिक अन्याय के शिकार हैं। राहुल गांधी ने कहा, देश को ओबीसी, दलित, आदिवासियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों आदि की आबादी की सटीक संख्या निर्धारित करने के लिए एक्सरे की आवश्यकता है। लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में राहुल गांधी की यह पहली बड़ी रैली है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा'' मंगलवार को पूर्णिया पहुंची।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पूर्णिया नहीं पहुंच सके। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद ने कहा कि दृश्यता कम होने के कारण उनका (खड़गे का) विमान पूर्णिया हवाई अड्डे तक नहीं पहुंच सका।

## मैं आपके दिलों में रहता हूं : घर लौटने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा



**रांची/भाषा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं होने के बीच मंगलवार को रांची लौटे और कहा कि वह लोगों के दिल में रहते हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन ने पार्टी विधायकों की एक बैठक की अध्यक्षता की। संवाददाताओं ने सोरेन से जब पूछा कि वह कहां थे, तो उन्होंने कहा, मैं आपके दिलों में रहता हूं। सोरेन यहां बापू वाटिका में मीडिया से बातचीत कर रहे थे, जहां वह महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने गए थे। उन्होंने कहा, हम सभी राष्ट्रपिता के कदमों और विचारों का अनुसरण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें गर्व है कि हमारे बीच ऐसे लोग पैदा हुए थे और हमें मार्गदर्शन दिया। सोरेन 27 जनवरी की रात को नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए थे। इसके बाद उनका अता-पता नहीं होने के दावे किए जा रहे थे, लेकिन वह सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात को रांची में अपने सरकारी आवास पर पहुंचे। उन्होंने अपने आवास पर विधायकों और मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी उपस्थित थीं।

## जब तक जीवित हूं, बंगाल में सीएए लागू नहीं होने दूंगी : ममता



**रायगंज (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव से पहले सीएए का मुद्दा उठाने के लिए मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि वह अपने जीवनकाल में राज्य में इसे लागू नहीं होने देंगी। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज में सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लाभ लेने के लिए आगामी चुनावों से पहले नागरिकता (संशोधन) अधिनियम यानी सीएए का मुद्दा उठाया है। बनर्जी ने कहा, चुनाव नजदीक आते देख, भाजपा ने राजनीतिक लाभ लेने के लिए फिर से सीएए का मुद्दा उठाया है। लेकिन मैं यह स्पष्ट कर दूं कि जब तक मैं जीवित हूं, पश्चिम बंगाल में इसे लागू नहीं होने दूंगी। बनर्जी ने केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता शांतनु ठाकुर के हालिया दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही है। ठाकुर ने कहा था कि पूरे देश में एक सप्ताह के अंदर सीएए लागू किया जाएगा। रविवार को दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप में एक जनसभा के दौरान दिए गए ठाकुर के बयान ने विवादास्पद कानून को लागू किए जाने को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने वर्ष 2019 में सीएए को मंजूरी दी थी।



## जरूरत हुई तो सभी स्पिन गेंदबाजों के साथ उतरने से पीछे नहीं हटेंगे: मैकुलम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**विशाखापत्तनम/भाषा।** टॉम हार्टले ने पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में शानदार स्पिन गेंदबाजी कर भारतीय बल्लेबाजों की मानसिकता को ठेस पहुंचाई है, जिसके बाद इंग्लैंड शुक्रवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में सभी स्पिन गेंदबाजों के साथ उतर सकता है। पदार्पण कर रहे हार्टले ने दूसरी पारी में सात विकेट लेकर इंग्लैंड को 28 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

इंग्लैंड के कोच ब्रैंडन मैकुलम अब दूसरे टेस्ट मैच की पिच को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे है। विशाखापत्तनम के मैदान को आम तौर पर बड़े स्कोर के लिए जाना जाता है लेकिन पिछले कुछ समय से यहां स्पिनरों का दबदबा रहा है। मैकुलम ने कहा कि अगर परिस्थितियां पूरी तरह से स्पिनरों की मुफीद हुई तो उनकी टीम गेंदबाजी विभाग में सभी स्पिनरों के साथ उतरने से पीछे नहीं हटेगी। इस मैच में शोएब बशीर को पदार्पण का मौका मिल सकता है जबकि अनुभवी स्पिनर जैक लीच की चोट की स्थिति के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। लीच अगर फिट रहते है तो बशीर पहले टेस्ट में खेलने वाले इकलौते तेज गेंदबाज मार्क वुड की जगह ले सकते हैं। न्यूजीलैंड के इस पूर्व कप्तान ने कहा, अगर श्रृंखला के आगे बढ़ने पर विकेट उसी तरह से टर्न लेते रहे जैसा हमने पहले टेस्ट में देखा था, तो हम सभी स्पिनरों के साथ खेलने से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा, बशीर हमारे साथ अबू धाबी में शिविर में था और उसने अपने कौशल से हमें प्रभावित किया।

## फॉर्मूला वन का साथ छूटने से आहत लेकिन फॉर्मूला ई के लिए ऊर्जा से भरा हूं : डी व्रीस



**नई दिल्ली/भाषा।** फॉर्मूला ई रेस के पूर्व चैम्पियन नीक डी व्रीस को इस बात का मलाल है कि फॉर्मूला वन रेस में उनका करार ज्यादा लंबा नहीं चला है। मौजूदा सत्र में भारत की महिंद्रा रेसिंग टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले 2020-21 सत्र के चैम्पियन फिर से फॉर्मूला ई रेसिंग में वापस आकर खुश हैं। इस 28 साल के ड्राइवर को फॉर्मूला वन के अपने पदार्पण सत्र में कोई अंक हासिल करने में विफल रहने पर अल्फाटौरी टीम ने केवल 10 रेस के बाद बाहर कर दिया था। डी व्रीस ने पीटीआई-भाषा से कहा, बेशक, जब आपके सपने इतनी जल्दी टूट जाए तो यह दुखद होता है। डी व्रीस ने फॉर्मूला टू और फॉर्मूला ई में चैंपियनशिप जीतने के बाद लंबे समय तक फॉर्मूला वन में रिजर्व ड्राइवर की भूमिका निभाई है। फॉर्मूला वन का साथ छूटने के बाद नीदरलैंड के इस ड्राइवर ने भारत की महिंद्रा रेसिंग ई टीम के साथ करार किया। उन्होंने कहा, यह परिवर्तन (एफ1 से एफई तक) वास्तव में तेजी से हुआ। मैंने पिछले साल चैंपियनशिप के अंतिम दौर के लिए लंदन की यात्रा की ताकि पैडॉक में वापस आ सकूं।

# रेसवॉकर अक्षदीप सिंह ने अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ/भाषा।** पेरिस ओलंपिक के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके पंजाब के अक्षदीप सिंह ने राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा में मंगलवार को यहां पुरुषों के 20 किलोमीटर वर्ग में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा।

रांची में राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा 2023 जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले अक्षदीप ने एक घंटे 19 मिनट 38 सेकेंड का समय निकालकर एक घंटे 19 मिनट 55 सेकेंड का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा।

उत्तराखंड के सूरज पंवार दूसरे स्थान पर रहे जिन्होंने पेरिस ओलंपिक का एक घंटे 20 मिनट 10 सेकेंड का क्वालीफाइंग स्तर पार किया। उन्होंने एक घंटे 19 मिनट 43 सेकेंड का समय निकाला। तीसरे स्थान पर रहे तमिलनाडु के सर्विन सबेस्टियन (एक घंटा 20 मिनट तीन सेकेंड) और चौथे स्थान पर रहे पंजाब के अर्शप्रीत सिंह (एक घंटा 20 मिनट चार सेकेंड) भी पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग स्तर को हासिल करने में सफल रहे।

भारत के छह खिलाड़ियों ने पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। प्रेमजीत सिंह बिष्ट और विकास सिंह भी क्वालीफाई कर चुके हैं। इन दोनों ने पिछले साल जापान में एशियाई पैदल चाल चैंपियनशिप के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी।

एक देश से तीन ही खिलाड़ी ट्रैक एवं फील्ड की व्यक्तिगत स्पर्धा में भाग ले सकते हैं और अब भारतीय एथलेटिक्स महासंघ को तय करना है कि इन छह में से कौन पेरिस जाएगा।

मुख्य एथलेटिक्स कोच राधाकृष्णन नायर ने कहा कि अंतिम चयन जून में किया जाएगा।

दो दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन टाइमिंग को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हुई। शुरुआत में एएफआई के 'एक्स' हैंडल पर डाले गए नतीजों के अनुसार शीर्ष दो धावकों ने ओलंपिक क्वालीफिकेशन स्तर हासिल किया लेकिन बाद में




'चिप टाइमिंग' से पता चला कि चार खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक का क्वालीफाइंग स्तर हासिल करने में सफल रहे। अक्षदीप ने स्पर्धा के बाद कहा, चोटों से बचने के लिए मुझे समझदारी से काम लेना होगा और आगामी हफ्तों में अपने प्रदर्शन के स्तर को बरकरार रखना होगा।

## सुविचार

सच्ची सफलता और आनंद का सबसे बड़ा रहस्य यह है- वह पुरुष या स्त्री जो बदले में कुछ नहीं मांगता। पूर्ण रूप से निःस्वार्थ व्यक्ति, सबसे सफल हैं।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# शुक्र मनाएं इमरान!

पाकिस्तान में फौज को 'आंखें दिखाने' वाले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान ख़ान के 'पर' बड़ी तेजी से कतरे जा रहे हैं। पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी भी उनके साथ लपेटे में आ गए हैं। ख़ान और कुरैशी को आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत स्थापित जिस विशेष अदालत ने दस-दस साल जेल की सजा सुनाई, उसकी कार्यवाही से ही साफ पता चल रहा था कि जज 'रावलपिंडी' के इशारे पर काम कर रहे हैं। फैसला भी जीएचक्यू (पाक फौज का मुख्यालय) से ही आया है। बस जज ने तो उसे पढ़ दिया। अगर इमरान को ऊपरी अदालतों से भी राहत नहीं मिली तो उनका राजनीतिक करियर खत्म ही समझें। इमरान शुक्र मनाएं कि उन्हें सिर्फ दस साल की सजा हुई है। इससे पहले, उनके परिजन और पार्टी के सदस्य तो यह चर्चा कर रहे थे कि फौज चाहती है कि इमरान ख़ान को सजा-ए-मौत मिले, जुल्फिकार अली भुट्टो की तरह! हालांकि फौज यह भी नहीं चाहती कि इमरान राजनीतिक शहीद का दर्जा पा जाएं, इसलिए बहुत शातिराना ढंग से उन्हें 'खत्म' करने की कोशिश की जा रही है। पहले तो उनकी पार्टी का चुनाव चिह्न 'बल्ला' छीन लिया गया। अब उन्हें दस साल के लिए जेल में रखने का इंतजाम कर दिया गया है। इस बीच दो-चार (और) झूठे-सच्चे मुकदमों में ऐसी स्थिति का निर्माण किया जा सकता है, जिससे इमरान किसी-न-किसी तरह जेल में ही रहें। करीब 71 साल के इमरान अगर पांच या दस साल तक जेल में रहते हैं तो रिहा होने के बाद उनके पास न तो संगठन बचेगा और न ही इतनी ऊर्जा, जिससे कि वे फौज के लिए कोई चुनौती बन सकें।

> पाक में आगामी आम चुनावों को लेकर जनता में उत्साह भी कम नजर आ रहा है। चूंकि देश की आर्थिक स्थिति बिगड़ चुकी है, महंगाई आसमान छू रही है, लगभग सभी पड़ोसी देशों के साथ संबंध तनावपूर्ण हैं और राहत की कोई किरण नजर नहीं आ रही है।

उनके उम्मीदवारों को पार्टी के चुनाव चिह्न 'बल्ले' से वंचित करने की कोशिशें फौज की इसी रणनीति का हिस्सा हैं। इससे एक ओर जहां पार्टी में एकता का सूत्र कमजोर होगा, वहीं मतदाता भी भ्रमित होंगे। हर निर्वाचन क्षेत्र से पीटीआई के उम्मीदवारों को अलग-अलग चुनाव चिह्न मिलने से जनता के लिए 'असल' उम्मीदवार का पता लगाना मुश्किल होगा। अभी कई जगह यह स्थिति है कि एक से ज्यादा निर्दलीय उम्मीदवार दावा कर रहे हैं कि वे इमरान ख़ान के आदेश से चुनाव लड़ रहे हैं! यह भी आशंका जताई जा रही है कि चुनाव नतीजे आने के बाद इनमें से विजेता 'निर्दलीय' उम्मीदवार बहुत आसानी से पाला बदलकर पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन की ओर जा सकते हैं। वैसे, पाक में आगामी आम चुनावों को लेकर जनता में उत्साह भी कम नजर आ रहा है। चूंकि देश की आर्थिक स्थिति बिगड़ चुकी है, महंगाई आसमान छू रही है, लगभग सभी पड़ोसी देशों के साथ संबंध तनावपूर्ण हैं और राहत की कोई किरण नजर नहीं आ रही है। दूसरी ओर, इमरान ख़ान जेल में हैं, अब उन्हें लंबी सजा हो गई है, उनके सहयोगी वरिष्ठ नेता कानूनी मुसीबतें झेल रहे हैं और जनता के सामने नवाज शरीफ के रूप में वही पुराना चेहरा है, जिसकी पिछली गठबंधन सरकार में पाक की अर्थव्यवस्था रसातल में चली गई थी। जनता के लिए अधिक विकल्प नहीं हैं। चारों ओर निराशा का वातावरण है। हर आम आदमी चाहता है कि अगर उसे यूरोप या अमेरिका का वीजा मिले तो वह अगली फ्लाइट पकड़कर इस 'जंजाल' से मुक्ति पा ले। रहे इमरान ख़ान, तो जिस दिन उन्होंने जीएचक्यू से हाथ मिला लिया, उनके 'सात ख़ून माफ़' हो जाएंगे!

## ट्वीटर टॉक



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी अपने आदर्शों, विचारों एवं मूल्यों से संपूर्ण विश्व को समरसता, न्याय, और आत्मनिर्भरता की भावना से परिपूर्ण एक नई राह और दिशा दिखाई। बापू ने सत्याग्रह के साथ अपने संकल्प के प्रति अडिग रहकर राष्ट्र एवं मानवता के लिए जो संघर्ष किया।

–सचिन पायलट



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर सचिवालय में आज उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण नमन किया। पूज्य बापू के सिद्धांत और आदर्श, सर्वश्रेष्ठ व आत्मनिर्भर राजस्थान की संकल्पना की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे।

–भजनलाल शर्मा



सिंधु दर्शन यात्रा समिति की केंद्रीय आयोजन समिति के राष्ट्रीय सदस्य के नाते विधानसभा परिसर में माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल जी शर्मा को पत्र सौंपकर सिंधु दर्शन तीर्थ यात्रियों के लिए राजस्थान सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने का आग्रह किया।

–वासुदेव देवनानी

## प्रेरक प्रसंग

# संयम साधना से संकल्प

एक बार महाराष्ट्र के संत एकनाथजी ने भक्तों के साथ तीर्थ यात्रा पर जाने की योजना बनाई। गांव के ही एक चोर ने भी संत एकनाथ जी के साथ तीर्थयात्रा पर जाने की इच्छा जताई। संत ने उससे रास्ते में चोरी न करने की प्रतिज्ञा कराकर भक्त मंडली के साथ चलने की इजाज़त दे दी। पहली रात को ही यात्रा मंडली को परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह यात्रियों का सामान उलट-पुलट था। हालांकि कोई चोरी नहीं हुई थी। अगली रात को भी यही पुनरावृत्ति हुई। तीसरी रात को कुछ यात्रियों ने दोषी को रंगे हाथ पकड़ लिया। यह वही चोर था, जिसने चोरी न करने की प्रतिज्ञा की थी। चोर को संत जी के सामने पेश किया गया। चोर ने कहा, 'महाराज, मेरी चोरी की आदत पक गई है। आपको दिये वचन की वजह से मुझे चोरी न करने की अपनी कसम निभानी जरूर पड़ रही है, लेकिन यात्रा मंडली का सामान उलट-पुलट करके मेरा मन बहल जाता है।' संत एकनाथ ने पल भर के लिए अपनी आंखें बंद की, फिर मंडली भक्तों की ओर मुखातिब होकर कहा, 'मन को बाहरी दबाव से सीमित मात्रा में ही नियंत्रित किया जा सकता है।

## सामयिक

# देश का सियासी नक्शा बदलेगा नीतीश का फैसला

आशीष वशिष्ठ
मोबाइल: 99 3624 7777

बिहार में एक बार फिर सत्ता परिवर्तन हुआ है। मुख्यमंत्री नहीं बदले हैं, गठबंधन सरकार बदली है। नीतीश कुमार का राष्ट्रीय जनता दल से एक बार फिर मोहभंग हुआ है और पुराने सहयोगी एनडीए गठबंधन से टूटा प्यार, एक बार फिर जुड़ चुका है। कभी एनडीए, कभी महागठबंधन, तो कभी इंडिया... बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कब सियासी फायदे की खातिर पलटी मार लेंगे, इसका अंदाजा लगा पाना भी बिल्कुल वैसा ही है, जैसे रेत के मैदान में एक सुई को ढूंढना। करीब 2 साल तक पीएम नरेंद्र मोदी को कोसने वाले नीतीश को, मोदी के सहारे ही 24 की चुनावी नैया पार होती दिख रही है।

नीतीश कुमार ने नौवीं बार मुख्यमंत्री पद की षपथ ली है। वास्तव में बीजेपी और आरजेडी दोनों की मजबूरी नीतीश कुमार हैं, उनके बिना सरकार बनाने का ख्वाब कोई नहीं देख सकता। उन्होंने न तो बीजेपी को इस हाल में छोड़ा है, न तो आरजेडी को कि बिना नीतीश के सरकार बना लें। बिहार की राजनीति के पन्ने पलटे तो नीतीश कुमार ने बेमेल गठबंधन पहली बार 2014 में किया। वह जंगलराज सरकार के धुर विरोधी थे, उन्होंने आरजेडी से गठबंधन कर लिया। यह गठबंधन बहुमत से चुनाव जीत गया। साल 2017 में नीतीश का मोह गठबंधन से भंग हो गया। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का साथ उन्हें पसंद नहीं आया और भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर उन्होंने बीजेपी से नाता जोड़ लिया।

साल 2019 का लोकसभा चुनाव, 2020 का विधानसभा चुनाव जेडीयू और बीजेपी ने साथ मिलकर लड़ा। जंगलराज सरकार का डर दिखाकर भी कुल 43 सीटें ही नीतीश बाबू हासिल कर सके। 2022 में बीजेपी फिर नीतीश कुमार को तानाशाह वाली पार्टी नजर आने लगी। नीतीश कुमार ने लालू परिवार के साथ मिलकर सरकार बनाई। तेजस्वी फिर डिप्टी बने। तेजस्वी ने वादा किया कि वे सरकारी नौकरियों की भरमार लगा देंगे। उन्होंने काम भी शुरू किया और क्रेडिट भी लेने लगे। नीतीश को यह रास नहीं आया और खटास बढ़ती गई।

लंबे वक्त तक भाजपा के साथ गठबंधन में रहने वाले नीतीश कुमार ने लोकसभा चुनाव 2014 में भाजपा को पानी पी-पीकर कोसा था, इसके बाद लालू की पार्टी के साथ मिलकर वो बिहार में सरकार बनाते हैं, मुख्यमंत्री बनते हैं और देखते ही देखते एक बार फिर लालू से पीछा छुड़ाकर भाजपा को गले लगा लेते हैं। 2019 का आम चुनाव एनडीए में रहते हुए लड़ते हैं। फिर 2020 का विधानसभा चुनाव भी साथ में लड़ते हैं, जिसमें उनकी पार्टी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा, बावजूद इसके वो फिर से सीएम बनते हैं। मगर न जाने क्यों, नीतीश कुमार ने पलटी मार ली और फिर से लालू के साथ चले गए। अब एक फिर सीएम नीतीश ने साल 2017 वाला पलटीमार कांड दोहराया और उसी अंदाज मे लालू का साथ छोड़ भाजपा के साथ चले गए।



बिहार की 40 सीटों पर हुए पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा का बोलबाला रहा है। 2014 के चुनावी नतीजों में भाजपा ने अकेले 22 सीटें हासिल की थी, जबकि एनडीए गठबंधन ने 31 सीटें जीती थीं। हालांकि अगर 2019 के चुनावी नतीजों का जिक्र किया जाए तो 2014 की तुलना में भाजपा को 5 सीटों का नुकसान झेलना पड़ा था, मगर एनडीए गठबंधन ने बिहार की 40 में से 39 सीटों पर अपना कब्जा जमाया था। इस बार भाजपा के पास खुला मैदान था, जो नीतीश-लालू-कांग्रेस के साथ आमने सामने की लड़ाई लड़ती। मगर भाजपा को ये बात अच्छे से समझ आ रहा था कि अगर ऐसा होता है तो सबसे बड़ा नुकसान बिहार में झेलना पड़ सकता है। यहां जातीय समीकरण का बोलबाला है और लालू-नीतीश की जोड़ी को मात दे पाना शायद भाजपा के लिए मामूली बात नहीं होगी। इसीलिए बिहार में भाजपा इस कोशिश में लगी थी नीतीश कुमार को अपने साथ लाया जाए।

हां, ये बात जरूर है कि नीतीश के इस कदम से भाजपा को बड़ा फायदा होगा, जिसका उदाहरण 2019 का चुनाव है। नीतीश और मोदी एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे, जिससे लालू की पार्टी को सबसे बड़ा झटका लगेगा और शून्य की चिंता सताएगी। आरजेडी नहीं चाहेगी कि उसे पिछली बार की तरह हार झेलनी पड़े। नीतीश के पलटी मारने से इंडिया गठबंधन का अस्तित्व भी खतरे में आ गया है। भाजपा को इस बात का एहसास था कि अगर नीतीश कुमार और लालू प्रसाद बिहार में एकसाथ चुनाव लड़ते हैं, तो साल 2015 में हुए बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों का असर 2024 के चुनाव में दिख सकता है। आपको याद दिला दें कि 2015 के नतीजों में आरजेडी को 80 सीटें, जदयू को 69 और भाजपा को सिर्फ 59 सीटें मिली थीं।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 22, लोक जनशक्ति पार्टी ने 6 और राष्ट्रीय लोक समता दल ने तीन सीटें जीती थी। ये तीनों दल एनडीए का हिस्सा थे। यूपीए में शामिल कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने क्रमशः 4 और 2 सीटें जीती थी। जनता दल यूनाइटेड ने दो सीटें जीती थी। 2019 के आम चुनाव में एनडीए के बैनर तले बीजेपी, जेडीयू और लोक जनशक्ति पार्टी ने चुनाव लड़ा। और क्रमशः 17, 16 और 06 सीटों पर विजय हासिल की। महागठबंधन मेंषामिल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी को मात्र एक सीट पर जीत मिली। वो एक सीट पर कांग्रेस ने जीती थी। आंकड़ों को देखकर समझा जा सकता है कि नीतीश की पार्टी जेडीयू के लिए 2019 में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ना जीवनदान की तरह था। नीतीश कुमार ये समझते हैं कि भाजपा का साथ उनके लिए बेहद फायदेमंद है। शायद इसी लिए उन्हें विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल रहना रास नहीं आया। जो जेडीयू, कांग्रेस और आरजेडी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाली था, वो अब ये मुकाबला आमने-सामने लड़ेगी।

सन 2024 के चुनाव से पहले बीजेपी बार-बार धोखा खाने के बावजूद नीतीश से हाथ मिला रही है। भाजपा इस बड़ी लड़ाई के लिए एक-एक सीट जीतना चाहती है। उधर, नीतीश को आखिरकार समझ आ गया है कि उनकी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा पूरी नहीं होने वाली है। वे अब सम्मान के साथ राजनीति के नाव से उतरकर घाट पर आराम करने के मूड में हैं। सन 2025 का विधानसभा चुनाव उनका अंतिम चुनाव है। शायद वे उसमें चेहरा ही न हों। वे चाहेंगे कि उनकी पार्टी तब तक अपना वजूद क़ायम रखे। यह सारी भाग-दौड़ और पलटीबाजी उसी के लिए है।

अयोध्या में भव्य राम मंदिर के बाद बड़ी लहर बीजेपी और प्रधानमंत्री मोदी के पक्ष में दिखाई दे रहे हैं। नीतीश कुमार भी ये बखूबी समझते हैं कि ये ऐसा जनसमर्थन है जिससे कोई भी इनकार नहीं कर सकता है। वहीं, कर्पूरी ठाकुर को सर्वोच्च सम्मान देकर भी बीजेपी ने ओबीसी वोट पर बड़ी चोट की है। मोदी सरकार के लिए ये बड़ा मील का पत्थर साबित हो सकता है। इसीलिए नीतीश भी मोदी की तारीफ में ना केवल कसीदे पढ़ते हैं, बल्कि परिवारवाद पर हमला भी करते नजर आते हैं। नीतीश कुमार के अरमान प्रधानमंत्री वाले ही थे। कहां वे इंडिया गठबंधन के अगुवा बन रहे थे, कहां बीजेपी के साथ गठजोड़ कर बैठे हैं। नीतीश कुमार 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव तेजस्वी के नेतृत्व में लड़ने जा रहे थे, लेकिन उनके रास्ते ही जुदा हो गए। देखने वाली बात यह है कि जिस बीजेपी को जमकर उन्होंने कुछ वर्षों से कोसा है, उसके साथ कितने दिन सरकार में रह सकते हैं। बहरहाल, नीतीश कुमार ने ऐसी सियासी पलटी मारी है, जिससे आरजेडी के साथ साथ पूरा इंडिया गठबंधन चित्त होता दिखाई दे रहा है। नीतीश का ये फैसला सिर्फ बिहार नहीं बल्कि पूरे देश का सियासी नक्शा बदलने वाला है।

## मुद्दा

# नहीं थम रही मासूमों के साथ हैवानियत

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 9414441218

भारत में गरीबी, कुपोषण, अशिक्षा, अंधविश्वास, सामाजिक कुरीति, बाल विवाह और बॉल मजदूरी बचपन के सबसे बड़े दुश्मन है, मगर अब बाल दुष्कर्म के बढ़ते मामलों ने देशवासियों को चिंता में डाल डाल दिया है। एक गैर सरकारी संगठन की शोध रिपोर्ट जाहिर करती है कि बच्चों से हैवानियत थम नहीं रही है। बच्चों से दुष्कर्म के मामले वर्ष 2016 से 2022 के बीच 96 फीसदी बढ़े हैं, जिनमें सभी प्रकार के प्रवेशन हमले (पेनिट्रेटिव असॉल्ट) शामिल हैं। बाल अधिकार से जुड़े एक गैर सरकारी संगठन चाइल्ड राइट्स एंड यू ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर यह दावा किया है। रिपोर्ट के अनुसार सार्वजनिक जागरूकता के कारण बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों के अधिक मामले दर्ज हुए हैं।

विश्लेषण के मुताबिक, अकेले 2022 में बच्चों से दुष्कर्म के 38,911 मामले दर्ज किए गए हैं, जो पूर्व के वर्षों में दर्ज मामलों में वृद्धि को दर्शाता है। 2020 में यह संख्या 30,705 और 2019 में 31,132 थी। देश में बच्चों के साथ यौन शोषण के मामलों में सबसे अधिक उत्तर प्रदेश में 8,151 मामले सामने आए। दूसरे स्थान पर महाराष्ट्र 7,572 व तीसरे स्थान पर मध्य प्रदेश में 5,996 मामले दर्ज हुए थे। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बाल यौन उत्पीड़न और शोषण के मुद्दे पर खुल कर चर्चा करने से सामाजिक चुप्पी कम होगी और बाल यौन उत्पीड़न और शोषण पर खुल कर चर्चा करने को प्रोत्साहित करने से बिना किसी डर के बोलने से दुर्व्यवहार के खिलाफ अधिक रिपोर्ट दर्ज करा सकेंगे। बच्चों को सही-गलत स्पर्श की शिक्षा देना और माता-पिता के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना ऐसे मामलों में सुरक्षा का बेहतरीन उपाय है। जब भी कभी बच्चों के व्यवहार में बदलाव दिखे और बच्चे गुमसुम सा रहने लगे तो माता-पिता और शिक्षकों को बच्चे से बात करनी चाहिए या किसी पेशेवर काउंसलर से संपर्क करना चाहिए।

देशभर में बच्चों के साथ हो रही दुष्कर्म की वारदातों पर अंकुश नहीं लगने से देश की सर्वोच्च अदालत ने भी कई बार नाराजगी जाहिर की है। भारत सरकार ने बेशक 12 वर्ष से कम उम्र की बच्चियों से दुष्कर्म की वारदात रोकने के लिए कड़ा कानून बना दिया हो फिर भी उनके साथ दुष्कर्म की वारदातें कम नहीं हो रही हैं। देश के अलग-अलग जनपदों से मासूम बच्चियों के साथ दरिंदगी की दिल दहला देने वाली खबरों से पूरा देश न केवल शर्मिंदा है बल्कि सदमे में भी हैं। कहीं ढाई साल की मासूम के साथ दरिंदों ने हैवानियत की सारी सीमा पार कर दी तो कहीं 8 साल की बच्ची के साथ रेप की वहशियाना हरकत की गई तो कहीं 11 साल की मासूम को हवस का शिकार बनाकर मौत के घाट उतार दिया गया। देश भर में बच्चियों से हो रही दरिंदगी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इंसानियत को शर्मसार करने वाली इन घटनाओं में निरंतर वृद्धि होने से देश में भारी नाराजगी फेल रही है और स्थान स्थान पर लोग आंदोलित हो रहे है। हर आधे घंटे में एक बच्ची का बलात्कार हो रहा है और हर घंटे इंसानियत शर्मसार हो रही है। बेटी से बलात्कार देश के लिये शर्म की बात है। बच्चों का यौन उत्पीड़न बलपूर्वक किया जाने वाला घिनौना कार्य है। अगर एक अपराधी एक बच्चे का यौन शोषण करता है तो ये संभावनाएं और बढ़ जाती हैं कि वह और बच्चों के साथ भी ये सब करता होगा। अगर हम यौन शोषण को रोकना चाहते हैं, तो हमें वास्तव में इसे रोकना होगा।

जेल में बंद करने के बजाए हमें उनका इलाज कराना चाहिए। भारत की आधी आबादी अपने आप हर क्षेत्र में आज असुरक्षित महसूस कर रही हैं। बच्चियों के साथ दुष्कर्म की वारदात रोकने के लिए कड़े कानून बनाने के बाद भी उन्हें समय से न्याय नहीं मिल पा रहा है। इस कारण आरोपियों में कानून का भय नहीं हैं और पीड़िता व उनका परिवार बेबस हैं। समय से न्याय की मांग बढ़ रही है। बच्चियों के दुष्कर्म के ज्यादातर मामलों में आरोपी उनके पहचान वाले ही होते हैं, जो बच्चियों को घुमाने, टॉफी, फ्रूटी दिलाने या फिर किसी अन्य बहाने से ले जाकर वारदात करते हैं। बच्चियों से दुष्कर्म केवल कानून या पुलिस के भरोसे नहीं रोका जा सकता। इसके लिए सामाजिक स्तर पर जागरूकता जरूरी है। दरिंदगी की ऐसी वारदातें रोकने के लिए हर समय सतर्कता और निगरानी की महती आवश्यकता है।

## मंथन

# धूमिल होते विपक्षी एकता के प्रयास

सुरेश हिंदुस्तानी
मोबाइल : 9770015780

आजकल वर्तमान केंद्र सरकार को सत्ताच्युत करने के सपने देखने की राजनीति गरम है। केंद्र में विपक्ष की राजनीति करने वाली कांग्रेस सहित तमाम क्षेत्रीय दल एक साथ चलने का राग अलाप रहे हैं, लेकिन वर्तमान राजनीतिक शैली को देखते हुए सहज ही यह सवाल देश के वातावरण में अठखेलियाँ कर रहा है कि क्या आज की स्थिति और परिस्थिति को देखते हुए विपक्ष की भूमिका निभाने वाले राजनीतिक दल एक होकर चुनाव लड़ पाएंगे। यह सवाल इसलिए भी उठ रहा है, क्योंकि सारे दल इस जोर आजमाइश में लगे हैं कि किसको कितनी सीट दी जाएं। इस बारे में कांग्रेस के समक्ष बड़ी विकट स्थिति निर्मित होती जा रही है। क्योंकि जहां एक ओर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कांग्रेस के अस्तित्व को बचाने के लिए एक और राजनीतिक यात्रा पर निकल चुके हैं, वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय दल कांग्रेस को कोई भाव नहीं दे रहे। इसके पीछे का कारण स्वयं कांग्रेस की राजनीति ही है। क्योंकि उसके नेताओं को न तो अपनी वास्तविक स्थिति का ज्ञान है और न ही उसके नेता वैसा आचरण ही कर रहे हैं। इसी कारण आज क्षेत्रीय दल कांग्रेस से ज्यादा प्रभावशाली हैं। वास्तविकता यह है कि कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों के सहारे की तलाश है और कांग्रेस इस सत्य को अभी समझने में पूरी तरह असमर्थ दिखाई दे रही है। देश में चल रहे राजनीतिक घटनाक्रम के बाद यह लगने लगा है कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पुनः आसीन होने की ओर अग्रसर है। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि केंद्र की सरकार ने जो काम किए हैं उनके प्रति भारत की जनता का जुड़ाव दिखाई देता है। इसी कारण भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए जहां देश में विपक्ष के राजनीतिक दल एकता के लिए प्रयास करते दिखाई दे रहे थे, अब उन प्रयासों में बहुत बड़ा पेच सामने आ गया है। यह पेच इसलिए भी स्थापित हुआ है क्योंकि कांग्रेस को सारे क्षेत्रीय दल आंखें दिखाने की अवस्था में दिखाई देने लगे हैं। इसके पीछे क्षेत्रीय राजनीतिक दलों का अस्तित्व बचाने का तर्क दिया जा सकता है, लेकिन सत्य यह भी है कांग्रेस वर्तमान में बहुत कमजोर हो गई है। इसलिए कांग्रेस को मन मुताबिक सीट देने को कोई भी दल तैयार नहीं है। पश्चिम बंगाल में एक तरफ ममता बनर्जी कांग्रेस को उसकी स्थिति के अनुसार सीट देने को तैयार नहीं है। वहीं उत्तरप्रदेश में भी समाजवादी पार्टी कांग्रेस को ज्यादा सीट देने के मूड में नहीं है। इंडी गठबंधन के लिए रही सही कसर पर नीतीश कुमार ने बिहार में कांग्रेस की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। इस राजनीतिक घटनाक्रम के बाद स्वाभाविक रूप से विपक्षी एकता के गठबंधन को बहुत बड़ा आघात लगा है। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार विपक्षी गठबंधन की एकता के एक बड़े नेता के रूप में स्थापित हुए थे, जिन्हें कांग्रेस द्वारा महत्व नहीं दिए जाने के कारण नीतीश कुमार ने अपनी अलग राजनीतिक राह निर्मित कर ली। वर्तमान में राजनीति रूप से अस्तित्व बचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे विपक्षी दलों के समक्ष एक बार फिर से अपनी एकता को बनाए रखने के लिए चुनौतियों का पहाड़ स्थापित होता दिखाई दे रहा है। जहां तक विपक्षी एकता की बात है तो आज के हालात को देखते हुए निश्चित ही यह कहा जा सकता है कि जितने मुंह उतनी बातें हो रही हैं। विपक्ष के सारे दल किसी न किसी रूप में अपनी महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित कर रहे है। तू डाल-डाल, मैं पात-पात वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए कांग्रेस सहित क्षेत्रीय दल अपनी पहचान बनाए रखने के लिए एक दूसरे को आंखें दिखा रहे हैं। इससे एक बात पूरी तरह से स्पष्ट हो जाती है कि कांग्रेस के नेतृत्व को कोई भी दल सर्वसम्मति से स्वीकार करने की स्थिति में नहीं है। लेकिन कांग्रेस का रवैया ऐसा दिखाई दे रहा है, जैसे उनका ही दल सब कुछ है।

पश्चिम बंगाल और पंजाब की राजनीतिक स्वरों के निहितार्थ तलाशे जाएं तो यह कहने में कोई अतिरेक नहीं होगा कि कांग्रेस इन राज्यों में अपेक्षाकृत प्रदर्शन नहीं कर पाएगी। ऐसा इसलिए भी संभव है, क्योंकि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का आधार और प्रभाव है और वह किसी भी प्रकार से अपने प्रभाव को कमजोर करने का काम नहीं करेंगी, क्योंकि ममता के पास पश्चिम बंगाल के अलावा कहीं भी राजनीतिक जमीन नहीं है। ऐसा ही पंजाब में आम आदमी पार्टी के बारे में कहा जा सकता है। इन दोनों दलों का व्यापक प्रभाव इन्हीं राज्यों में है, जिसे वह खोना नहीं चाहते। आज भले ही कांग्रेस की ओर से विपक्षी एकता के प्रयास किए जा रहे हों, लेकिन इन प्रयासों की सफलता तभी संभव है, जब कांग्रेस अन्य राजनीतिक दलों उनकी महत्वाकांक्षाओं के साथ स्वीकार किया जाए, लेकिन कांग्रेस की वर्तमान रवैए को देखते हुए ऐसा संभव नहीं लगता।

उत्तरप्रदेश में कांग्रेस की राजनीतिक जमीन शून्यता की ओर कदम बढ़ा रही है। ऐसे में समाजवादी पार्टी कांग्रेस को उतना महत्व नहीं देगी, जितना वह चाहती है। इस प्रकार की परिस्थिति के बीच कांग्रेस अपने राजनीतिक भविष्य की तस्वीर में किस प्रकार से रंग भरेगी, यह फिलहाल टेडी खीर ही कही जाएगी। कुल मिलाकर यही कहा जाएगा कि विपक्ष की एकता जो प्रयास किए जा रहे हैं, उसके समक्ष एक एक करके बड़े अवरोध भी स्थापित हो रहे हैं। इस अवरोधों का सामना करने की हिम्मत एकता से ही संभव हो सकती थी, जो फिलहाल असंभव सा ही लग रहा है। ऐसा लगने लगा है विपक्षी एकता के प्रयास तार-तार हो रहे हैं। इसके पीछे कांग्रेस की एक बड़ी खामी यह भी है कि वह भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में न जाने की आत्मघाती भूल कर चुकी है। भगवान राम से भारत की जनता का सीधा संबंध है, जिसे कोई भी राजनीतिक दल नकारने का साहस नहीं कर सकता। विपक्षी राजनीतिक दलों को भविष्य की राजनीति की ओर कदम बढ़ाना है तो उसे भारत की आस्था को सम्मान देना ही होगा, नहीं तो जो स्थिति पहले हुई, वैसी ही स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए।

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# अयोध्या को अपना ननिहाल मानते हैं खुद को राजकुमारी सूरीरत्ना का वंशज कहने वाले दक्षिण कोरियाई लोग

**अयोध्या (उप्र)/भाषा**

धार्मिक नगरी अयोध्या और उत्तरी एशियाई देश दक्षिण कोरिया के बीच एक गहरा नाता जोड़ा जाता है। कोरियाई किवदंतियों के मुताबिक करीब दो हजार साल पहले अयोध्या की एक किशोरवय राजकुमारी सूरीरत्ना नौका से 4500 किलोमीटर का सफर तय करके कोरिया पहुंची थीं और वहां गया साम्राज्य की स्थापना करने वाले राजा किम सूरो के साथ विवाह किया था। इसके बाद वह राजकुमारी रानी हेओ ह्वांग ओक के नाम से प्रसिद्ध हुई थीं।

भारत में इस किवदंती से शायद ही कोई वाकिफ हो और न ही इस तथ्य से कि दक्षिण कोरिया में खुद को सूरीरत्ना का वंशज मानने वाले करीब 60 लाख लोग अयोध्या को अपना ननिहाल मानते हैं। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि उनमें से अनेक लोगों ने 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को बेहद उत्सुकता से आनलाइन माध्यमों से देखा और अब वे नवनिर्मित राम मंदिर को करीब से देखने के लिए अयोध्या आने का और ज्यादा इंतजार नहीं कर सकते।

'कारक' समुदाय के अनेक सदस्य हर साल यहां 'क्वीन हेओ मेमोरियल पार्क' में रानी हेओ ह्वांग ओक को श्रद्धांजलि देने के लिए उनके स्मारक पर आते हैं। इस स्मारक को 2001 में उत्तर प्रदेश सरकार और दक्षिण कोरिया सरकार के परस्पर सहयोग से सरयू नदी के किनारे स्थापित किया गया था।

'सेंट्रल कारक क्लैन सोसाइटी' के महासचिव किम चिल-सु ने कहा, अयोध्या हमारे लिए बहुत खास है क्योंकि हम इसे अपनी नानी के घर के रूप में देखते हैं। किम भी 22 जनवरी को 'क्वीन हेओ मेमोरियल पार्क' से कुछ किलोमीटर दूर मंदिर में राम लला की नई मूर्ति के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में शामिल हुए थे। यहां 'क्वीन हेओ मेमोरियल पार्क' 2,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला है। इस पार्क में एक ध्यान कक्ष, रानी और राजा को समर्पित मंडप, रास्ते, एक फव्वारा, भित्ति चित्र और ऑडियो-वीडियो सुविधाएं उपलब्ध हैं। मंडप विशिष्ट कोरियाई शैली में टाइल वाली ढलान वाली छत के साथ बनाया गया है।

अगले महीने अपने देश के 22 अन्य लोगों के साथ अयोध्या आने की योजना बना रहे यू जिन ली ने दक्षिण कोरिया से फोन पर 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में कहा, हम स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए हर साल अयोध्या जाते हैं और इस बार हम नए राम मंदिर में भी जाने की योजना बना रहे हैं। हमने समारोह को ऑनलाइन देखा और यह गजब का अनुभव था। मैं पुराने अस्थायी मंदिर में नहीं गया हूं लेकिन इस मामले से जुड़े विवाद के बारे में मैंने पढ़ा है। प्राचीन कोरियाई ग्रंथ, सैमगुक युसा के अनुसार, रानी हीओ ह्वांग-ओक को गिम्हे हेओ परिवारों की पूर्वज माता के रूप में माना जाता है। इस ग्रंथ में कहा गया है कि रानी 48 ईस्वी में अयुता से कोरिया आई थीं। वह अभी भी कारक कबीले के गिम्हे हेओ परिवारों की पूर्वज मां के रूप में पूजनीय हैं।

न्याय यात्रा



कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को अररिया में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान समर्थकों से मिलते हुए।

# फिलीपीन और वियतनाम ने विवादित दक्षिण चीन सागर को लेकर समझौता किया

**हनोई (वियतनाम)/एपी**

विवादित दक्षिण चीन सागर में टकराव को रोकने के लिए फिलीपीन और वियतनाम के बीच मंगलवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनांडो मार्कोस जूनियर की हनोई यात्रा के दौरान हुआ। दक्षिण चीन महासागर नौवहन के लिए सबसे महत्वपूर्ण जलमार्गों में से एक है। इसको लेकर फिलीपीन और वियतनाम सहित कई देशों का चीन के साथ समुद्री विवाद जारी है। चीन लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर संप्रभुता का दावा करता है। इतना ही नहीं, चीन और फिलीपीन के जहाजों के बीच पिछले एक साल से विवादित जल क्षेत्र में टकराव देखने को मिल रहा है, जिससे तनाव के व्यापक होने की आशंका भी बढ़ गई हैं। फिलीपीन सरकार ने एक बयान में कहा कि वह और वियतनाम समुद्री मुद्दों पर समन्वय को बढ़ाने और विश्वास तथा भरोसे के साथ काम करने के लिए मंगलवार को सहमत हो गए हैं।

# संयुक्त परिवार का चलन समाप्त होने के कारण वृद्धजनों की देखभाल नहीं हो पा रही : अदालत

मुंबई/भाषा। बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को एक व्यक्ति को अपनी मां के घर को खाली करने का आदेश दिया जिस पर उसने और उसकी पत्नी ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था।

अपने फैसले में अदालत ने टिप्पणी की है कि संयुक्त परिवार प्रणाली के खत्म होने के कारण बुजुर्गों की उनके स्वजनों द्वारा देखभाल नहीं की जा रही है।


न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ ने कहा कि उम्र बढ़ना एक बड़ी सामाजिक चुनौती बन गई है और इसलिए वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और सुरक्षा पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

पीठ ने कहा, संयुक्त परिवार प्रणाली के खत्म होने के कारण, बड़ी संख्या में बुजुर्गों की देखभाल उनके परिवार द्वारा नहीं की जा रही है। इसके परिणामस्वरूप, कई बुजुर्ग व्यक्ति, विशेष रूप से विधवा महिलाएं अब अपने जीवन के अंतिम वर्ष अकेले बिताने को मजबूर हैं और भावनात्मक उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं तथा भौतिक व वित्तीय सहायता की कमी से जूझ रहे हैं।

यह आदेश उपमंडल अधिकारी और वरिष्ठ नागरिक रखरखाव न्यायाधिकरण के अध्यक्ष के सितंबर 2021 के आदेश के खिलाफ दिनेश चंदनशिवे द्वारा दायर याचिका पर पारित किया गया था, जिसमें उन्हें उपनगरीय मुलुंड में अपनी बुजुर्ग मां लक्ष्मी चंदनशिवे के आवास को खाली करने का निर्देश दिया गया था।

महिला के अनुसार, 2015 में उसके पति की मृत्यु के बाद, उसका बेटा और बहू उससे मिलने आए और उसके बाद घर छोड़ने से इनकार कर दिया।

# रामदेव की मोम की प्रतिमा का दिल्ली में अनावरण





नई दिल्ली/भाषा। योग गुरु रामदेव की आदमकद मोम की प्रतिमा का मंगलवार को दिल्ली में मैडम तुसाद न्यूयॉर्क में अनावरण किया गया।इस अवसर पर स्वामी रामदेव स्वयं भी उपस्थित रहें और उन्होंने कुछ 'आसन' भी किए।मर्लिन एंटरटेनमेंट्स ने एक बयान में कहा कि प्रशंसकों के लिए मोम की प्रतिमा उपलब्ध होगी। उसने कहा,''मोम की प्रतिमा का अनावरण दर्शकों के लिए एक उपहार और योगी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन है जो लाखों लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।मैडम तुसाद न्यूयॉर्क के प्रवक्ता टियागो मोगोडोरो ने कहा कि स्वामी रामदेव की प्रतिमा आध्यात्मिक ज्ञान और स्वास्थ्य के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण का प्रतिनिधित्व करता है जिसके कारण दुनिया भर में उन्हें प्रशंसा और सम्मान मिलता है। बयान में उनके हवाले से कहा गया, हम योग और स्वास्थ्य चर्या में उनके योगदान का सम्मान करते हुए बहुत गर्व महसूस करते हैं। (हम) यह आशा करते हुए कि उनकी उपस्थिति हमारे दर्शकों को आत्म-सुधार और समग्र स्वास्थ्य चर्या को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।





# 'कुछ खट्टा हो जाए' का टीजर रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

जानेमाने गायक गुरू रंधावा की आने वाली फिल्म कुछ खट्टा हो जाए का टीजर रिलीज हो गया है। कुछ खट्टा हो जाए में गुरू रंधावा और सई एम मांजरेकर मुख्य भूमिका में हैं। गुरू रंधावा फिल्म कुछ खट्टा हो जाए के साथ बॉलीवुड में बतौर अभिनेता डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म में अनुपम खेर और इला अरूण भी हैं। कुछ खट्टा हो जाए पारिवारिक कॉमेडी फिल्म है।फिल्म कुछ खट्टा हो जाए का टीजर रिलीज हो गया है। कुछ खट्टा हो जाए का निर्देशन जी. अशोक ने किया है, और अमित और लवीना भाटिया द्वारा निर्मित है। कुछ खट्टा हो जाये 16 फरवरी, 2024 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी।



# फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' का टाइटल ट्रैक रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर और कृति सैनन की आने वाली फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का टाइटल ट्रैकरिलीज हो गया है। शाहिद कपूर और कृति सैनन की जोड़ी जल्द ही रोमांटिक फिल्म में 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में नजर आयेगी।इस फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और अराधना शाह ने किया है।'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है,जिसमें शाहिद और कृति के बीच बेहतरीन रोमांटिक केमिस्ट्री नजर आ रही है। यह गाना राघव और तनिष्क बागची द्वारा संगीतबद्ध किया गया है । इस गाने को दोनों ने असीस कौर के साथ मिलकर गाया है। इसके लिरिक्स बागची ने लिखे हैं। शेख जानी बाशा ने गाने की कोरियोग्राफी की है। दिनेश विजान निर्मित 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' 09 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।



# नई पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण फिल्म है 'प्रेम की पुजारन' : यादव

**पटना/वार्ता**

भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म प्रेम की पुजारन नई पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण फिल्म है। समरशी फिल्म्स मीडिया एंटरटेनमेंट प्रा. लि. के बैनर से बनी खेसारीलाल यादव , यामिनी सिंह एवं रक्षा गुप्ता स्टारर फिल्म प्रेम की पुजारन 09 फरवरी को रिलीज होगी।खेसारीलाल यादव ने कहा कि हमारी यह फिल्म युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है। या यूं कहे कि नई पीढ़ी के लिए यह फिल्म ख़ास है, जो जेनरेशन गैप की कहानी पर आधारित है। उन्होंने कहा कि फिल्म में हमने दिखाया है कि कोई भी नशा हद से ज्यादा सही नहीं होता है।नशा से शरीर को नुकसान होता है। यह फिल्म बेहद मनोरंजक है। हमने इसकी शूटिंग छह महीने पहले गोरखपुर में की थी, जो अब रिलीज को तैयार है। मैं दर्शकों से आग्रह करूंगा कि वे इस फिल्म को अपने परिवार दोस्त के साथ मिलकर सिनेमाघरों में जाकर देखें।

वही निर्माता समर राज ने बताया कि फिल्म 9 फरवरी को रिलीज हो रही है। हमने फिल्म को बनाने में बहुत मेहनत की तब जाकर फिल्म जबरदस्त बनी है। फिल्म पूरी तरह से पारिवारिक है साथ ही इस में थोड़ा सा रोमांस का भी तड़का डाला गया है जो भोजपुरिया दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेगी। अब फिल्म जल्द हीं आपके नजदीकी सिनेमा घरों में रिलीज हो रही है। उन्होंने कहा कि लंबे अरसे बाद खेसारी लाल यादव की फिल्म आ रही है तो हमारी फिल्म को बहुत ज्यादा सपोर्ट करें।

फिल्म प्रेम की पुजारन में खेसारीलाल यादव, यामिनी सिंह और रक्षा गुप्ता के साथ रोमांस करते नज़र आने वाले हैं, जबकि इस फिल्म के निर्माता समर राज हैं और निर्देशक पकंज सिन्हा हैं। गीतकार - संगीतकार कृष्णा बेदर्दी हैं। कथा, पटकथा और संवाद मनोज के कुशवाहा के हैं। इस फिल्म में खेसारी लाल यादव, यामिनी सिंह, रक्षा गुप्ता और रिंकू यादव मुख्य भूमिका में हैं।

विजेता



दक्षिण कोरिया में गैंगवॉन 2024 शीतकालीन युवा ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेता जापान की शिमादा माओ, दक्षिण कोरिया की रजत पदक विजेता शिन जिया और जापान की कांस्य पदक विजेता ताकागी यो एकल महिला पुरस्कार समारोह के दौरान पोज देते हुए।

# जब मैंने इंडस्ट्री में एंट्री की, तो रेड कार्पेट लुक इतना खास नहीं था : सोनम कपूर

**मुंबई/एजेन्सी**

एक्ट्रेस और फैशनिस्टा सोनम कपूर ने कहा कि वह फैशन के माहौल में पली-बढ़ी हैं और जब उन्होंने 2007 में 'सांवरिया' के साथ फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा तो रेड कार्पेट लुक न के बराबर था। सोनम ने कहा, 'मुझे फैशन पसंद है। मेरी मां फैशन डिजाइनर थीं। इसलिए, मैं फैशन के माहौल में पली-बढ़ी। 'जब मैंने इंडस्ट्री में कदम रखा, तो मैंने देखा कि रेड कार्पेट लुक इतना खास नहीं था। मैं सुंदर चीजें पहनना और रेड कार्पेट पर जाना चाहती था। मैंने यह महसूस किए बिना ऐसा करना शुरू कर दिया कि मैं बाकी सभी से अलग



हूं।' उन्होंने कहा कि फिल्मों और फैशन के प्रति उनके पैशन ने उन्हें प्रेरित किया। 'मैं खुद को ज्यादा गंभीरता से न लेते हुए फैशन और खूबसूरत चीजों का आनंद ले रही हूं। फैशन को मजेदार माना जाता है। जीवन में सुंदरता और अच्छाई की सराहना करना महत्वपूर्ण है।'

एक ग्लोबल फैशन रिपोर्ट के अनुसार, सोनम, जेंडया, काइली जेनर, केंडल जेनर, ब्लैकपिंक, बीटीएस आदि जैसी मशहूर हस्तियों की लिस्ट में शामिल थीं, जिनका 2023 में लग्जरी फैशन ब्रांडों के लिए सबसे अधिक प्रभाव था। वर्कफ्रंट की बात करें तो, सोनम के पास दो टेंट पोल प्रोजेक्ट हैं, जिनमें से एक 'बैटल फॉर बिटोरा' है। अन्य प्रोजेक्ट का अभी खुलासा नहीं किया गया है।

# दूसरी पारी में दर्शकों को क्रेजी बनाने में सफल हुए बॉबी

**मुंबई/एजेन्सी**

एनिमल में लिमिटेड टाइम के लिए स्क्रीन पर नजर आए बॉबी देओल का क्रेज जिस तरह सोशल मीडिया पर फैला है, उससे शायद ही कोई बच पाया हो। अपने करियर के शुरूआती दौर में 'सोल्जर' से सबके दिनों पर छा जाने वाले बॉबी, अपनी दूसरी पारी में इस तरह दर्शकों को क्रेजी बना रहे हैं कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे। 'एनिमल' में विलेन अबरार के रोल में भौकाल मचाने वाले बॉबी अपने करियर की इस नई रफ्तार को बहुत एन्जॉय कर रहे हैं। फिल्ममेकर्स भी बॉबी को नए तरीके से रीडिस्कवर कर रहे हैं और उन्हें विलेन के रोल खूब ऑफर किए जा रहे हैं। साउथ से लेकर बॉलीवुड तक, 'एनिमल' स्टार बॉबी के आने वाले प्रोजेक्टस में कई ऐसी फिल्में हैं जिन्हें देखने का इंतजार कर पाना जनता के लिए भारी हो रही है।

साउथ स्टार सूर्या की फिल्म 'कंगुवा' में बॉबी देओल विलेन का रोल निभा रहे हैं। हाल ही में बॉबी देओल के बर्थडे पर इस फिल्म से उनका फर्स्ट लुक शेयर किया गया था और इस लुक के लिए 'भयानक' भी थोड़ा छोटा शब्द लगता है। 'कंगुवा' में बॉबी के किरदार का नाम 'उधिरन' है, तबील के इस शब्द का मतलब होता है 'खून की तरह लाल'। किरदार



का नाम ही बता रहा है कि 'कंगुवा' में बॉबी क्या करने वाले हैं। तेलुगू इंडस्ट्री के बड़े स्टार्स में से एक पवन कल्याण की ये पीरियड एक्शन एडवेंचर फिल्म, हिंदी समेत कई भाषाओं में रिलीज होनी है। मुगल काल पर बेस्ड इस फिल्म में बॉबी देओल, औरंगजेब का किरदार निभाने वाले हैं। फिल्म में वो एक बार फिर से विलेन के रोल में नजर आने वाले हैं। तेलुगू सिनेमा के सबसे बड़े मास स्टार्स में से एक, नन्दामुरी बालकृष्ण की अगली फिल्म में भी बॉबी विलेन का रोल करने जा रहे हैं। 'भगवंत केसरी' फेम बालकृष्ण की फिल्म से हाल ही में पोस्टर रिलीज किया गया, जिसमें टैगलाइन थी- 'ब्लड बात का पहला नाम'। ऐसी फिल्म में बॉबी का विलेन किरदार क्या करता दिखेगा, ये सोचकर ही उनके फैन्स एक्साइटेड हो जाएंगे।

डायरेक्टर कुणाल कोहली की इस स्पाई-थ्रिलर में बॉबी देओल हीरो के रोल में हैं। फिल्म से अनन्या बिरला एक्टिंग डेब्यू कर रही हैं। इस फिल्म का शूट 2022 में पूरा हो चुका है और ये रिलीज के लिए तैयार है। जल्द ही इसकी रिलीज डेट से जुड़ी जानकारी आ सकती है। 'हमराज' में बॉबी देओल के साथ काम कर चुकी डायरेक्टर जोड़ी अब्बास-मस्तान की फिल्म 'पेंटहाउस' भी काफी समय से बनकर तैयार है। इसमें बॉबी देओल के साथ, अर्जुन रामपाल, शरमन जोशी और मौनी रॉय जैसे एक्टर्स हैं। खिलाड़ी, बाजीगर, सोल्जर और रेस जैसी दमदार थ्रिलर्स डायरेक्ट कर चुके अब्बास-मस्तान इस फिल्म से ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। रिपोर्ट्स बताती हैं कि ये फिल्म पहले नेटफ्लिक्स पर आने वाली थी, मगर 'एनिमल' की कामयाबी के बाद जियो सिनेमा ने भी इसमें दिलचस्पी दिखाई है और वो मेकर्स के साथ बातचीत कर रहे हैं। बॉबी की सेकंड इनिंग्स को सबसे ज्यादा पॉपुलैरिटी, प्रकाश झा की वेब सीरीज 'आश्रम' से ही मिली। रिपोर्ट्स के अनुसार, बॉबी जल्द ही अपने सबसे चर्चित किरदारों में से एक, बाबा निराला के रोल में 'आश्रम 4' लेकर आने के लिए तैयार हैं, ये सीरीज इसी साल रिलीज हो सकती है। शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान डायरेक्टर के तौर पर डेब्यू करने जा रहे हैं। वो एक वेब सीरीज 'स्टारडम' पर काम कर रहे हैं, जो एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री पर ही बेस्ड है। बॉबी ने खुद 'कॉफी विद करण' में ये कन्फर्म किया था कि वो इस सीरीज का हिस्सा हैं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
8
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
बेंगलूरु | बुधवार | 31-01-2024 /dakshinbharat /dakshinbharat DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY
RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

यहां कुंभलगोडू में आचार्य श्री तुलसी महाप्रज्ञ चेतना सेवा केंद्र में चित् समाधि केंद्र एवं चेतना आरोग्यं का शुभारंभ जैन संस्कार विधि से हुआ। इस अवसर पर जैन संस्कारक बजरंग जैन, जितेंद्र घोषल, अरविंद बैद, विक्रम दूगड़ ने निर्दिष्ट मंत्रों एवं स्तुतियों से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



# बीएसपीएल सीजन 8 क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

## महावीर स्ट्राइकर्स ने जीती प्रतियोगिता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सीरवी समाज कर्नाटक ट्रस्ट, बलेपेट के तत्वावधान में मागडी रोड स्थित आईधाम मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न हुई। इसका शुभारंभ सुबह 8 बजे आईमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व आरती के बाद राष्ट्रगान के साथ हुआ।

इस प्रतियोगिता में समाज की कुल 10 टीमों ने भाग लिया, जिसमें महावीर स्ट्राइकर्स विजेता रही। इस कार्यक्रम में बलेपेट वडेर के अध्यक्ष हरिराम गहलोत, सचिव अमराराम चोयल, उपाध्यक्ष अन्नाराम परिहारिया, सह-सचिव भंवरलाल गहलोत, खेल मंत्री कैलाश भायल, राजूराम बर्फा, मांगीलाल चोयल, गोपाल सैणचा ने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

विजेता टीम तथा उपविजेता टीम को कप प्रदान कर सम्मानित किया गया। हरिराम गहलोत ने संबोधित करते हुए कहा कि हार व जीत एक सिक्के के दो पहलू हैं। हार से व्यक्ति को कभी भी घबराना नहीं चाहिए।

अमराराम ने कहा कि खेलकूद युवाओं के जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है। कैलाश भायल ने कहा कि खेल हमारे जीवन में आवश्यक रूप से शामिल होना चाहिए। खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। उन्होंने प्रायोजकों, टीम मालिकों, खिलाड़ियों का आभार जताया। इस मौके पर खेल कमेटी के सदस्य भंवरलाल, ललित कुमार एवं महिला मंडल, समस्त कमेटी सदस्य मौजूद थे।

उत्सव — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



नाट्य कुसुम अंजलि सांस्कृतिक वेदिके, डिवाइन टेंपल फाउंडेशन एवं नव्या नाट्य संगम के संयुक्त तत्वावधान में रवींद्र कला क्षेत्र, बेंगलूरु में आयोजित हेज्जे गेज्जे नाडा मधुर नृत्य उत्सव संभ्रम 2024 में विजेता प्रतिभागियों के साथ मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत।

# हिंदुस्तान को नई पहचान दे रहे मोदी: महेंद्रसागर सूरी



हासन/दक्षिण भारत। आदिनाथ जैन श्वेतांबर संघ में आचार्य महेंद्रसागर सूरी ने प्रवचन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिंदुत्व को नई दिशा दे रहे है, हिंदुस्तान को नई पहचान दे रहे हैं। वे दुनिया के सामने भारत को एक नए तरीके से पेश कर रहे हैं।

आचार्य ने कहा कि मोदी ने लोगों का ध्यान भारत की ओर केंद्रित कराया है। उन्होंने कहा कि आचार-विचार के पक्के कई श्रमण-श्रमणी और श्रावक-श्राविका भी जिन धर्म की ओर जन-जन का ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

आचार्य ने कहा कि श्रमण-श्रावक आदि भी भगवान महावीर के त्याग, संयम, वैराग्य, अहिंसा का दीप प्रकट कर रहे हैं। उस में धर्माराधना, व्रत, नियम, दान आदि का तेल भरकर जिन शासन को गौरवान्वित कर रहे हैं।



# चेतना सेवा केन्द्र में चेतना आरोग्यं की शुरुआत


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां कुंभलगोडू में आचार्य श्री तुलसी महाप्रज्ञ चेतना सेवा केंद्र में चित् समाधि केंद्र एवं चेतना आरोग्यं का शुभारंभ जैन संस्कार विधि से हुआ।

इस अवसर पर जैन संस्कारक बजरंग जैन, जितेंद्र घोषल, अरविंद बैद, विक्रम दूगड़ ने निर्दिष्ट मंत्रों एवं स्तुतियों से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। केंद्र के अध्यक्ष अमित नाहटा ने उपस्थित सभी का स्वागत किया। संयोजक बहादुर सेठिया एवं बजरंग जैन ने नवीन आयाम की जानकारी रखते हुए सभी से इसका लाभ लेने हेतु निवेदन किया।

प्रथम आयाम चित् समाधि केंद्र का शुभारंभ कन्हैयालाल गिडिया परिवार ने किया। द्वितीय आयाम चेतना आरोग्यं का उद्घाटन गौतमचंद सेठिया परिवार के द्वारा हुआ। प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली को समर्पित यह केंद्र अत्याधुनिक यंत्रों से निदान हेतु संचालित होगा, जिसमें लागत मूल्य पर सभी को विशेषज्ञों द्वारा निदान दिया जाएगा। इस अवसर पर समारोह के विशेष अतिथि श्रीचंद दुगड (वापी) ने अपने शुभकामना संप्रेषित करते हुए कहा कि बेंगलूरु समाज तेरापंथ संघ का एक विशेष गतिविधियों वाला जागरूक क्षेत्र है। प्रेक्षा संगीत सुधा ने मधुर स्वर से धम्म जागरण की प्रस्तुति दी। मंत्री मदन बारमेचा में मंच संचालन किया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न संस्थाओं से बड़ी संख्या में व्यक्ति उपस्थित थे।

# चीन हमारे पड़ोसी देशों को प्रभावित करेगा, भारत को प्रतिस्पर्धा से नहीं डरना चाहिए : जयशंकर



मुंबई/भाषा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि यह स्वीकार करना जरूरी है कि चीन भारत के पड़ोसी देशों को प्रभावित करेगा और भारत को ऐसी प्रतिस्पर्धी राजनीति से नहीं डरना चाहिए।

भारतीय प्रबंधन संस्थान, मुंबई में छात्रों के साथ संवाद सत्र में मालदीव से तनावपूर्ण संबंधों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हर पड़ोसी देश में समस्याएं हैं, लेकिन अंततः पड़ोसियों को एक-दूसरे की जरूरत होती है।

जयशंकर ने कहा कि क्षेत्र में बढ़ते चीनी प्रभाव को लेकर प्रतिस्पर्धा है, लेकिन इसे भारतीय कूटनीति की विफलता कहना गलत होगा। उन्होंने कहा, हमें समझना चाहिए, चीन भी एक पड़ोसी देश है और कई मायनों में, प्रतिस्पर्धी राजनीति के तहत इन देशों को प्रभावित करेगा। मुझे नहीं लगता कि हमें चीन से डरना चाहिए। मुझे लगता है कि हमें यह मानना चाहिए वैश्विक राजनीति एक प्रतिस्पर्धी खेल है। आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें, मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा।

जयशंकर ने कहा कि एक प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के नाते, चीन संसाधनों का इस्तेमाल करके चीजों को अपने तरीके से आकार देने की कोशिश करेगा। उन्होंने कहा, मैं आज कहना चाहता हूं...हमें प्रतिस्पर्धा से डरना नहीं चाहिए। हमें प्रतिस्पर्धा का स्वागत करना चाहिए और कहना चाहिए कि मुझमें प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता है।

मालदीव में 'इंडिया आउट' अभियान के बारे में एक सवाल पर जयशंकर ने भारतीय कूटनीति पर भरोसा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हर देश के पड़ोस में समस्याएं हैं। समस्याएं तो होंगी। हमारा काम अनुमान लगाना, आकलन करना और प्रतिक्रिया देना है। अंत में पड़ोसियों के एक-दूसरे के साथ संबंध रहते हैं। उन्होंने बताया कि राजनीति में तीखे रुख अपनाए जाते हैं और कूटनीति हमेशा उन तीखे रुख से नहीं चलती। उन्होंने कहा, आखिरकार, पड़ोसियों को एक-दूसरे की जरूरत होती है। इतिहास और भूगोल बहुत शक्तिशाली ताकतें हैं। इससे कोई बच नहीं सकता।

इस महीने की शुरुआत में, मालदीव के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्ज़ू ने भारत से कहा था कि वह 15 मार्च तक मालदीव में तैनात सभी भारतीय सैन्य कर्मियों को वापस बुला ले।



# राजस्थानी हथकरघा उत्पादों की प्रदर्शनी और सेल आज से

## 4 फरवरी तक जारी रहेगा आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। मारुति एंटरप्राइजेज द्वारा आयोजित द ग्रैंड राजस्थानी एक्सिबिशन की ओर से यहां देवेगौड़ा पेट्रोल पंप के पास स्थित बनशंकरी महिला समाज में बुधवार से प्रदर्शनी और सेल का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि यह 31 जनवरी से 4 फरवरी तक जारी रहेगी। इसका समय सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक है।

यह प्रदर्शनी भारत के पूर्वी भाग से ग्रामीण कारीगरों को एक साथ लाती है, जिसमें कॉटन और रेशम हथकरघा और हस्तशिल्प उड़ीसा टाई और डाई, ड्रेस सामग्री और उड़ीसा साड़ियां, पश्चिम बंगाल की सूती साड़ियां और कई अन्य के विशाल संग्रह शामिल हैं।

इसके साथ ही राजस्थान हस्तशिल्प और हथकरघा की विविधता में, उत्तर प्रदेश से ब्लू पेविंग, कुर्जा पेविंग, सहारनपुर लकड़ी की नक्काशी, संगमरमर, कलाकृतियां, राजस्थानी आभूषण, रत्न, गलीचे, कलमकारी साड़ियां, झुमके, कुर्ते, बंगाली शुद्ध सूती कपड़े, लेडीज़ टॉप और कई अन्य चीजें शामिल हैं। प्रदर्शनी में गिफ्ट प्रॉडक्ट्स का भी खजाना है। राजस्थान का कठपुतली शो नृत्य भी विशेष आकर्षण है।





# नि:शुल्क ब्रेस्ट एवं सर्विकल कैंसर जांच शिविर 4 फरवरी को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां राजाजीनगर तेरापंथ महिला मंडल द्वारा आगामी 4 फरवरी को नि:शुल्क ब्रेस्ट एवं सर्विकल कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन श्रीरामपुरम् के आचार्य महाश्रमण फिजियोथेरेपी सेन्टर के तुलसी डायग्नोस्टिक सेन्टर में आयोजित होने जा रहा है। इस शिविर को लेकर राष्ट्रीय महिला मंडल की अध्यक्ष सरिता डागा, महामंत्री नीतू ओस्तवाल, राजाजीनगर मंडल की अध्यक्ष उषा चौधरी, मंत्री लता नवलखा आदि की उपस्थित में बैनर का अनावरण किया गया। नि:शुल्क इस शिविर में पंजीकरण हेतु फोन नं. 9986969229 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# 'इंडिया' का न तो अंकगणित और न ही केमिस्ट्री काम कर रही है : जेपी नड्डा



नई दिल्ली/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रमुख जे.पी. नड्डा ने मंगलवार को कटाक्ष करते हुए कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार की हार से पता चलता है कि न तो उनका ''अंकगणित'' काम कर रहा है और न ही उनकी ''केमिस्ट्री'' काम कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश में अपनी पार्टी इकाई को जीत के लिए बधाई दी।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मनोज सोनकर ने मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर के चुनाव में 'आप' के कुलदीप कुमार को हराकर जीत दर्ज की। कुमार को कांग्रेस के साथ गठबंधन के बाद महापौर पद के लिए चुनाव में प्रत्याशी बनाया गया था।

नतीजे घोषित होते ही विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दल आप और कांग्रेस के पार्षदों ने विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली में आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर ''दिनदहाड़े बेईमानी करने'' आरोप लगाया। इस घटनाक्रम पर टिप्पणी करते हुए नड्डा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, मेयर चुनाव जीतने के लिए चंडीगढ़ भाजपा इकाई को बधाई।

भाजपा प्रमुख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र शासित प्रदेशों में ''रिकॉर्ड विकास'' हुआ है। नड्डा ने विपक्षी एकता पर कटाक्ष करते हुए कहा, यह 'इंडिया गठबंधन' ने अपनी पहली चुनावी लड़ाई लड़ी और फिर भी भाजपा से हार गया। यह दर्शाता है कि न तो उनका अंकगणित काम कर रहा है और न ही उनकी केमिस्ट्री काम कर रही है।

उधर, चुनाव नतीजों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में दिनदहाड़े ''बेईमानी'' हुई और कहा कि जिन्होंने ऐसा किया है वे राष्ट्रीय चुनाव में किसी भी हद तक जा सकते हैं।

केजरीवाल ने 'एक्स' पर कहा, चंडीगढ़ के महापौर पद के लिए हुए चुनाव में दिनदहाड़े जिस तरह से बेईमानी की गई है, वह बेहद चिंताजनक है। यदि महापौर के चुनाव में यह लोग इतना गिर सकते हैं तो राष्ट्रीय चुनाव में तो ये किसी भी हद तक जा सकते हैं। यह बेहद चिंताजनक है।

# भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2023 में 180 देशों में भारत का स्थान 93वां

नई दिल्ली/भाषा। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2023 के लिए भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत 180 देशों में 93वें स्थान पर है और इसका समग्र स्कोर काफी हद तक अपरिवर्तित रहा है।

सूचकांक में विशेषज्ञों और उद्योग क्षेत्र के लोगों के अनुसार 180 देशों और क्षेत्रों को सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार के स्तर पर रखा जाता है। इसमें 0 से 100 तक मानदंड रखा गया है जिसमें 0 अत्यंत भ्रष्ट के लिए और 100 पूरी तरह स्वच्छ छवि के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

भारत का समग्र स्कोर 2023 में 39 था, वहीं 2022 में यह 40 था। 2022 में भारत का रैंक 85 था। रिपोर्ट में कहा गया, भारत (39) के स्कोर में उतार-चढ़ाव इतना छोटा है कि किसी भी महत्वपूर्ण बदलाव पर कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है। हालांकि, चुनावों से पहले, भारत में नागरिकों के लिए स्थान सिकुड़ता देखा जा रहा है जिसमें एक (दूरसंचार) विधेयक का पारित होना भी शामिल है जो मौलिक अधिकारों के लिए 'गंभीर खतरा' हो सकता है।

इसमें कहा गया है कि दक्षिण एशिया में पाकिस्तान (133) और श्रीलंका (115) अपने अपने कर्ज के बोझ तले दबे हैं और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहे हैं।

# नकली अधिकारी बने चार लोगों को गिरफ्तार कर आभूषण जब्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां सीबीआई ब्रांच के अधिकारी बताकर एक ज्वेलरी दुकान में चुना लगाकर गए लोगों को पुलिस ने दो घंटे के अंदर गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार केआरपुरम् केबटरहल्ली में आरएमएस कॉलोनी में स्थित एक ज्वेलरी दुकान पर चार लोग कार में आए और दुकान के मालिक को धमकाने के अंदाज में बताया कि उसके यहां माल में मिलावट है। जिसकी उन्हें जांच करनी होगी और भारी दंड लगेगा। उन्होंने कहा की पूरा माल जब्त होगा और बीआईएस में जांच की जाएगी।

उन्होंने एक किलो 248 ग्राम आभूषण पैक करवाए और वहां लगे सीसीटीवी के कंट्रोल को इसके लिए साथ ले गए कि जांचना होगा कि कौन कौन आपकी दुकान पर आए थे। उनके जाने के तुरन्त बाद जब उन्हें कुछ शक हुआ कि सीसीटीवी क्यों लेकर गए तो तुरन्त उन्होंने पुलिस को इसकी जानकारी दी। उनकी कार का नम्बर जब पुलिस ने जांच किया तो वह नकली निकला।

तुरन्त पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो घंटे के अंदर व्हाइटफील्ड पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया उनके पास से 1 किलो 248 ग्राम आभूषण जब्त किया है। पुलिस ने सम्पत कुमार (केरल), संदीप शर्मा (उत्तरप्रदेश), अविनाश कुमार (उत्तरप्रदेश) टैक्सी ड्राइवर, जोयस थॉमस (केरल) एक अन्य की तलाश है।

# ह्यूस्टन में आसमान में लहराया 'जय श्री राम' का बैनर

ह्यूस्टन/भाषा। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के एक सप्ताह के बाद भी भारतीय अमेरिकियों के बीच उत्साह का माहौल है और अमेरिका के ह्यूस्टन शहर में हवाई जहाज से एक बैनर लहराया गया जिस पर लिखा था, यूनिवर्स चैंट्स जय श्री राम'' यानी ब्रह्मांड में गूंज रहा जय श्री राम का मंत्र।ह्यूस्टन में पिछले दिनों कंपकंपाती सर्दी और बारिश के बाद परंपरागत भारतीय परिधान पहने भारतवंशी लोग रविवार को गुजरात समाज और अन्य स्थानों पर जमा हुए। वे भगवा झंडे हाथ में लिए हुए 'जय श्री राम' के नारे लगा रहे थे। जिस विमान पर यह बैनर लहराया गया, उसके पायलट का भी 'जय श्री राम' के नारे लगाकर अभिनंदन किया गया।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com